हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 08.10.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 74 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## नेतृत्व के 24 साल : मोदी ने शेयर किया सीएम से पीएम बनने तक का सफर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश की जनता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है, क्योंकि वे शासन प्रमुख के रूप में अपनी 25वीं वर्षगांठ में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा को याद करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर, 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब से उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना रहा है। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और आधिकारिक विज्ञप्ति में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने की जिम्मेदारी ऐसे समय में सौंपी गई थी जब गुजरात कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। उसी वर्ष राज्य को विनाशकारी भूकंप का सामना करना पड़ा था, इससे पहले एक सुपर साइक्लोन, लगातार सूखे और राजनीतिक अस्थिरता ने लोगों की उम्मीदों को कमजोर कर दिया था। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों ने उनके भीतर जनता की सेवा करने और गुजरात को नई ऊर्जा और आशा के साथ पुनर्निर्मित करने की दृढ़ता को और मजबूत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपनी मां के शब्दों को याद करते हुए कहा, जब मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तब मेरी माता ने कहा था – मुझे तुम्हारे काम की ज्यादा समझ नहीं है, पर दो बातें याद रखना – हमेशा गरीबों के लिए काम करना और कभी रिश्वत नहीं



लेना। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने जनता से भी वादा किया था कि उनके हर निर्णय का उद्देश्य सदैव ईमानदार नीयत और समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा होगा। मोदी ने कहा कि जब उन्होंने गुजरात की बागडोर संभाली, तब आम जनता, खासकर किसान, बिजली और पानी की भारी कमी की शिकायत करते थे। कृषि संकट में थी, उद्योग ठप थे और लोगों का भरोसा टूट चुका था। परंतु जनसहयोग और सुशासन के सिद्धांतों पर चलते हुए गुजरात को उन्होंने एक आदर्श राज्य में तब्दील किया। कभी सूखा प्रभावित रहा यह राज्य आज कृषि, उद्योग और विनिर्माण में अग्रणी बन गया। गुजरात में सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया गया और कर्फ्यू जैसी परिस्थितियां अतीत की बात बन गईं। उन्होंने कहा, गुजरात की पुनर्बहाली सिर्फ एक राज्य की सफलता नहीं थी, बल्कि यह उस जनशक्ति का उदाहरण थी जो मिलकर असंभव को संभव बना सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने राजनीतिक जीवन के अगले पड़ाव को याद करते हुए कहा कि 2013 में जब उन्हें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में जिम्मेदारी दी गई, तब देश में विश्वास और सुशासन का संकट था। उन्होंने कहा, तब की यूपीए सरकार भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और नीतिगत पंगुता का प्रतीक बन चुकी थी। भारत को वैश्विक मंच पर कमजोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन 2014 के आम चुनावों में जनता ने भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश देकर नया विश्वास और उद्देश्य का युग शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखे हैं। देश ने 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और आज भारत प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में एक उज्ज्वल उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति, युवा शक्ति और हमारे मेहनतकश अन्नदाताओं को सशक्त बनाने के लिए जो सुधार किए गए हैं, उन्होंने भारत के आत्मनिर्भरता अभियान को नई दिशा दी है। आज देश का हर नागरिक गर्व से कह रहा है - गर्व से कहो, यह स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल आर्थिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी विश्व की सबसे बड़ी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने किसानों के नवाचार, युवाओं के उत्साह और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को भारत की प्रगति का आधार बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के निरंतर स्नेह और विश्वास के कारण ही यह यात्रा संभव हुई है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सेवा करना मेरे लिए सर्वोच्च सम्मान और कर्तव्य है, जो मुझे निरंतर नई ऊर्जा देता है।

### प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति को फोन कर दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सभी प्रयासों में सफलता की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय कार्य-योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की तथा भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी और प्रगाढ़ बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करने को उत्सुक हैं।

## एक नजर

### पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (धर्मनिरपेक्ष) (जेडीएस) के अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते उन्हें बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर फिलहाल उनका इलाज कर रहे हैं और अस्पताल सूत्रों ने बताया कि उन पर इलाज का असर हो रहा है।

### आईपीएस वाई पूरन कुमार ने खुद को मारी गोली

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हाल ही में उनकी तैनाती पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज के महानिदेशक पद पर हुई थी। वाई. पूरन कुमार अवकाश होने के चलते मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर थे। पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार भी आईएएस अधिकारी हैं और इन दिनों जापान के दौरे पर हैं। वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या की खबर मिलने पर चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

## एसआईआर के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दे चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे। चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्तूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितंबर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से



- 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए।
- शुद्ध वृद्धि 17.87 लाख मतदाताओं की रही।
- सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख : अगर कोई वाकई पीड़ित है, तो हम सुनेंगे।
- अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान स्पष्ट होनी चाहिए।

चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### सूची में किनके नाम जोड़े गए, स्पष्ट करना जरूरी : जस्टिस बागची

कोर्ट ने यह भी कहा कि अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं (पुराने हटाए गए नाम हैं या नए मतदाता हैं) यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, आप भी मानेंगे कि पारदर्शिता और पहुंच में सुधार हुआ है। ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 लाख नाम हटाए। हमने कहा था कि जो मृतक हैं या कहीं और चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है। लेकिन अगर किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 और एसओपी का पालन करें।

### अधिकतर जोड़े गए नाम नए मतदाताओं के हैं : वकील

उन्होंने कहा, हमने यह भी कहा था कि हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर वकील द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़े गए नाम नए मतदाताओं के हैं। हालांकि, कुछ पुराने मतादाता भी हैं जिनके नाम मसौदा सूची के बाद जोड़े गए। उन्होंने कहा, अब तक किसी भी हटाए गए मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है।

### आयोग ने 30 सितंबर को जारी की थी अंतिम मतदाता सूची

30 सितंबर को चुनाव आयोग ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। आयोग ने बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 47 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई, जो पहले 7.89 करोड़ थी। यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हुआ। हालांकि, मसौदा सूची (एक अगस्त को जारी) की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था, जिनमें वे लोग शामिल थे जो मर चुके थे, दूसरी जगह पर चले गए थे (प्रवास) या जिनके नाम सूची में दो बार दर्ज थे (डुप्लीकेट)।

### दो चरण में होगा बिहार विधानसभा चुनाव

मसौदा सूची में 21.53 लाख नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 3.66 लाख नाम हटाए गए, जिससे कुल मिलाकर 17.87 लाख मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई। छह अक्तूबर को चुनाव आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। इसके मुताबिक, 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर छह नवंबर को मतदान होगा, जबकि शेष 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी।

## पीएमएलए ट्रिब्यूनल का बड़ा आदेश : ईडी को हेमन्त सोरेन की जब्त कार लौटाने का निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दिल्ली स्थित प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के अपीलीय ट्रिब्यूनल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त की गई लग्जरी बीएमडब्लू एक्स7 कार को जारी करने का आदेश दिया है। यह वाहन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जनवरी 2024 में कथित भूमि घोटाला मामले में कार्रवाई के दौरान जब्त किया था।

ट्रिब्यूनल के सदस्य वी. आनंदराजन की पीठ ने 25 सितंबर 2025 को यह फैसला सुनाते हुए कहा कि ऐसी संपत्तियों को, जिनका मूल्य समय के साथ तेजी से घटता है, अस्पष्ट आशंकाओं के आधार पर अनिश्चित काल तक अपने कब्जे में रखना उचित नहीं है। आदेश में कहा गया कि वाहन को छह सप्ताह के भीतर उसके स्वामी को वापस किया जाए।

2021 मॉडल की यह बीएमडब्लू एक्स7 कार भगवानदास होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड है। कंपनी ने इस जब्ती को चुनौती देते हुए दलील दी थी कि जब्ती के करीब 21 महीने बीत जाने के बाद भी एऊयह साबित नहीं कर सका कि यह वाहन अपराध की आय से जुड़ा है। साथ ही, न तो कंपनी और न ही उसके निदेशकों को किसी अभियोजन शिकायत या ईसीआईआर में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। ट्रिब्यूनल ने भी पाया कि ईडी कई अवसरों के बावजूद वाहन को अपराध से जोड़ने वाला कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका। ट्रिब्यूनल ने ईडी के तर्कों को अनुमान आधारित बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि जांच एजेंसी वाहन को अपराध की आय बताने में विफल रही।

हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया कि कंपनी एक वर्ष तक वाहन को न तो बेच सकेगी और न ही उसका अन्य किसी रूप में निपटान कर सकेगी। वाहन को अच्छे हालत में बनाए रखना भी आवश्यक होगा। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में ईडी को कोई नया सबूत मिलता है, तो वह उसके आधार पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ट्रिब्यूनल पहले ही 22 मई 2025 को सोरेन आवास से जब्त अन्य वस्तुएं, जिनमें डिजिटल उपकरण भी शामिल थे, याचिकाकर्ता को लौटाने का आदेश दे चुका था। अब इस नए आदेश के साथ वाहन से जुड़ी अपील का भी निपटारा कर दिया गया है।

रक्षामंत्री ने युद्ध को नई परिभाषा देने वाली तकनीकों के विकास का किया आग्रह, कहा-

## युद्धक्षेत्र बदला, भविष्य में एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे युद्ध

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से मौजूदा समाधानों से आगे सोचने और युद्ध को नई परिभाषा देने वाली तकनीकों के विकास का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक में न तो नकलची बनना है और न ही अनुयायी, बल्कि हमें दुनिया के लिए निर्माता और मानक निर्धारक बनना है।

उन्होंने मंगलवार को विज्ञान भवन में 'रक्षा नवाचार संवादः आइडेक्स स्टार्टअप्स के साथ संवाद' के दौरान कहा कि ड्रोन, एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कंप्यूटिंग और निर्देशित-ऊर्जा हथियार भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे। हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी ऐसा ही एक प्रदर्शन देखा है। 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' विषयक सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्धक्षेत्र बदल गया है, अब भविष्य के युद्ध एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे। उन्होंने नव प्रवर्तकों से भारत का पहला रक्षा यूनिकॉर्न बनाने का आह्वान करते हुए युवाओं





से भारत के तकनीकी परिवर्तन का नेतृत्व करने का आग्रह किया।

रक्षा मंत्री ने पिछले वित्तीय वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात में रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों में योगदान देने वाले नव प्रवर्तकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा? कि आप एक ऐसे नए भारत के निमार्ता हैं जो अपने लिए डिजाइन, विकास और उत्पादन करने में विश्वास रखता है। साल 2018 में आइडेक्स की शुरूआत भारत के युवाओं की प्रतिभा को सशस्त्र बलों की तकनीकी आवश्यकताओं से जोड़ने के मकसद से की गई थी। आज केवल सात वर्षों में 650 से अधिक रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार किये जा चुके हैं और 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के प्रोटोटाइप की खरीद सुनिश्चित की गई है। यह भारत के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक क्रांति का प्रतीक है।

रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आइडेक्स से पहले भारतीय प्रतिभाएं विश्व स्तर पर विशेष रूप से आईटी, दूरसंचार और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही थीं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में उनका कम उपयोग हो रहा था। अब आइडेक्स के माध्यम से हमने सुनिश्चित किया कि भारत की प्रतिभाएं भारत की सुरक्षा के लिए काम करें। आज यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जो भारतीय रक्षा विनिर्माण के भविष्य को आकार दे रहा है। राजनाथ सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा विनिर्माण अब निजी निवेश, अनुसंधान एवं विकास तथा रोजगार सृजन के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक बन गया है।

उन्होंने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक है कि हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें और एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक के रूप में उभरें। साथ ही अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व भी करें। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता स्पष्ट रूप से दिख रही है। इस दिशा में पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अंतर्गत कई नीतिगत पहलें की हैं, जिनका उद्देश्य देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करना है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल 'मेक इन इंडिया' या निर्यात के आंकड़ों तक सीमित नहीं है। 'आत्मनिर्भरता' उस भरोसे का नाम है कि संकट की घड़ी में हम अपनी रक्षा के लिए किसी और पर निर्भर न हों।

रक्षा मंत्री ने नव प्रवर्तकों से बातचीत की और उनकी तकनीकी सफलताओं की सराहना की। रक्षा स्टार्टअप का विस्तार, नवाचार और उत्पादन को जोड़ना और अनुसंधान एवं विकास सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भरता को गति देना जैसे विषयों पर पैनल चचाएं और अनुभव-साझाकरण सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय, रक्षा विकास विभाग, नवप्रवर्तक, स्टार्टअप, एमएसएमई, सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि और विभिन्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में छात्रों को मिलेगी निःशुल्क मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। कोटा के प्रतिष्ठित मोशन एजुकेशन संस्थान के सहयोग से अब झारखंड के विद्यार्थियों को NEET और JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग राज्य में ही उपलब्ध कराई जाएगी। रांची के हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवन में कोचिंग का संचालन किया जाएगा।

इस योजना के संचालन एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को सौंपी गई है। मंगलवार को विभाग ने कोचिंग संस्थान को कार्य आदेश निर्गत किया। इसमें राज्य के लगभग 300 विद्यार्थियों को पहले चरण में इस योजना का लाभ मिलेगा, जिनका चयन शैक्षणिक योग्यता और निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया है।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा



है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों को अवसर और मंच मिलना अत्यंत आवश्यक है। झारखंड के बच्चे भी IIT, AIIMS और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में जाएं इसके लिए उन्हें उचित संसाधन और वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों की कमी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ जाते हैं। हमारा प्रयास है कि झारखंड का कोई भी गरीब विद्यार्थी बेरोजगार होकर न लौटे, बल्कि कुछ बनकर, आत्मविश्वास के साथ लौटे। सरकार की यह पहल हमारे युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देगी।

मंत्री ने कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी के साथ छात्रावास, पुस्तकालय और भोजनालय का निरीक्षण किया तथा सभी आवश्यक सुधार और सुविधाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि आने वाले चरणों में UPSC, Civil Services जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी झारखंड के विद्यार्थियों को दिल्ली भेजा जाएगा। पहले चरण में रळ वर्ग, दूसरे चरण में SC और बाद में OBC वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

# चौपारण के बारा चौक में गहनों की दुकान में बड़ी चोरी, ढाई किलो चांदी और सोना लेकर चोर फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के बारा चौक स्थित एक गहनों की दुकान में बीते रविवार की रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पीड़ित दुकानदार दयानंद पोद्दार (पिता स्व. नागेश्वर पोद्दार) ने चौपारण थाना में आवेदन देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि दुकान का संचालन उनके रिश्तेदार विवेकानंद सोनी करते हैं। रविवार की रात रोज की तरह दुकान बंद कर वे घर चले गए थे, लेकिन सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और तत्काल इसकी सूचना दुकानदार को दी। जब विवेकानंद सोनी मौके पर पहुंचे तो पाया कि शटर का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे अलमीरा का लॉकर क्षतिग्रस्त था। लॉकर में रखे करीब 23 हजार रुपये नकद, नया-पुराना मिलाकर लगभग ढाई किलो चांदी, तथा 30 से 35 ग्राम सोना गायब था। चोर दुकान में रखे सभी कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के निर्देश पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दुकान के अंदर-बाहर का वीडियोग्राफी किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी गई है, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके। विवेकानंद सोनी ने बताया कि बारा चौक में यह दुकान पिछले 25-30 वर्षों से संचालित हो रही है, लेकिन इतनी बड़ी चोरी की घटना पहली बार हुई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो और इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।



## एक नजर

### पंचमुखी शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाना एकल का लक्ष्य : भरत यादव

**बरही :** एकल अभियान के तहत हजारीबाग अंचल में संचालित 466 विद्यालयों की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को अंचल कार्यालय, रेलवे कॉलोनी, बरही में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष भरत यादव एवं संचालन एकल अभियान प्रमुख विनोद कुमार ने किया। अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष भरत यादव ने सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं से अभियान के कार्यों को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने सभी आचार्य एवं सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अंचल प्रमुख कर्ण महतो ने पंचमुखी शिक्षा योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा आगामी 14 अक्तूबर को माननीय श्याम जी की रांची में होने वाली बैठक की तैयारी पर भी चर्चा हुई। मौके पर अंचल टोली से नरेश पासवान, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, संच प्रमुख सरिता देवी, रूपा देवी, सुनीता देवी, महेंद्र कुमार, धनंजय पांडेय, प्रकाश पंडित, महेंद्र महतो, सुषमा राणा, विना देवी, व्यास टोली से अजय यादव, शंकर तिवारी, उमा देवी, प्रतिमा देवी, सबिता देवी, मोहित पाठक, रोहिणी देवी, सहित समस्त एकल परिवार उपस्थित रहे।

### चौपारण में राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 11-12 अक्टूबर को

**चौपारण :** आगामी 11 और 12 अक्टूबर को चौपारण के केसरवानी धर्मशाला परिसर में राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में हजारीबाग, रांची, धनबाद, बोकारो, कोडरमा, गिरीडीह, चतरा और गया से सौ से अधिक प्रतिभागी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य चौपारण और आसपास के युवाओं में फिटनेस और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। ऐसे दौर में जब प्रखंड के कई युवा नशे की लत से जूझ रहे हैं, वहीं कुछ युवा कसरत, अनुशासन और आत्मसंयम के जरिए समाज को नई दिशा दिखा रहे हैं। इनमें से कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर चौपारण का नाम रोशन कर चुके हैं। आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है। स्थानीय बाजारों में पोस्टर-बैनर लगाए जा रहे हैं और आयोजन स्थल पर तीन स्टेज व डिस्प्ले बोर्ड बनाए जाएंगे, जहां सभी प्रायोजकों और सहयोगियों का नाम प्रदर्शित रहेगा। आयोजकों ने स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों से इस खेल आयोजन को सहयोग देने की अपील की है।

### राम जानकी मंदिर में गयात्री हवन का आयोजन

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के राम जानकी मंदिर में पूर्णिमा को लेकर गयात्री हवन का आयोजन पिंटू गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। पिछले कई वर्षों से गायत्री हवन का आयोजन पूर्णिमा की रोज पिंटू गुप्ता के नेतृत्व में होता आया है। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु लोग शामिल होते हैं और हवन कार्यक्रम में शामिल होते हैं। गयात्री हवन करने वालों में मुख्य रूप से तुलेश्वर महतो, अंतु महतो, राजीव सिंह, हरिनाथ राम, पिंटू गुप्ता प्रीतम महतो, बिना देवी, पर्वती देवी, अच्छीका रानी, प्रतिक्षा रानी,मीला देवी, मोनिका गुप्ता, रेनू देवी, झरना देवी, मंजू देवी, रूबी देवी, ममता देवी, मिना देवी, सुनीता देवी, कपूर देवी, सुमित्रा देवी, निरंजन प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

## बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने सांसद पर जताया भरोसा सौंपी बिहार के छह विस क्षेत्रों की जिम्मेदारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने झारखंड प्रदेश के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पर विश्वास जताते हुए उन्हें आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के छः विधानसभा क्षेत्र का जिम्मेवारी सौंपा है। जिसमें मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के आलमनगर, बिहारीगंज, मधेपुरा, सोनवर्षा, सहरसा एवं महिषी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इधर सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अपने प्रभार क्षेत्र कुच कर गए और सहरसा स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य शुरू कर दिया। यहां स्थानीय भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा और स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता के साथ उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर विशेष मंथन कर चुनावी रणनीति बनाया । सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने उनपर जो विश्वास जताया है उसपर खरा उतरने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे साथ ही बिहार के कोसी क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन को नई दिशा देकर कमल खिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## डीआरडीए निदेशक को हजारीबाग ले गई एसीबी, एक्शन पर टिकी सबकी निगाहें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** सोमवार की दोपहर चतरा पहुंची भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते की स्पेशल टीम भले ही देर शाम बैरंग हजारीबाग लौट गई हो, लेकिन पूरी रात निदेशक के नगवाँ देवी मंडप के समीप स्थित निजी आवास की घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में उन्हें रखने के बाद मंगलवार की अहले सुबह डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी को अपने साथ हजारीबाग ले गई है। सूत्रों के अनुसार हजारीबाग के खासमहल जमीन के घोटाले के चर्चित मामले में तत्कालीन सदर अंचल अधिकारी रही अलका कुमारी को एसीबी की टीम आज पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर सकती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पूर्व से जेल में बंद निलंबित आईएएस विनय चौबे प्रकरण में तत्कालीन अंचल अधिकारी का कोर्ट में गवाही होना है। कोर्ट में पेशी के बाद सही मायने में अलका कुमारी से पूछताछ और उन पर हुई अब तक की कार्रवाई के गुपचुप मामले से सही मायने में पर्दा उठ सकेगा। गौरतलब है कि एसीबी एसपी आरिफ इकराम के नेतृत्व में भूमि घोटाले के मामले की जांच करने चतरा पहुंची टीम ने सोमवार को दोपहर तीन बजे के आसपास जिले की ग्रामीण विकास अभिकरण की निदेशक अलका कुमारी को उनके कार्यालय से अपने कब्जे में लिया था। उसके बाद उन्हें अपनी गाड़ी से लेकर एसीबी की टीम कार्यालय से निकल गई थी। जिसके करीब 05-06 घंटे के बाद पुनः एसीबी की टीम उन्हें लेकर उनके नगवाँ मोहल्ला स्थित आवास पहुंची थी। जहां घंटों पूछताछ के बाद उनके आवास पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर एसीबी के अधिकारी वापस हजारीबाग लौट गए थे। इसके बाद पूरी रात सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम के द्वारा अलका कुमारी और उनके घर की सुरक्षा करने के बाद अहले सुबह उन्हें हजारीबाग एसीबी कार्यालय पहुंचाया गया है। अब इस पूरे मामले में सब की निगाहें इस बात पर टिकी है कि एसीबी की टीम निदेशक अलका कुमारी को गिरफ्तार करती है या न्यायालय में गवाही के बाद उन्हें मुक्त कर देती है। क्योंकि सूत्र यह भी बता रहे हैं कि एसीबी की टीम गवाही का वारंट लेकर ही चतरा पूछताछ के लिये पहुंची थी।



## हजारी धमना में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध आरा मशीन ध्वस्त और लाखों की लकड़ी जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** वन विभाग ने एक बार फिर अवैध लकड़ी कारोबारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को प्रादेशिक वन विभाग की संयुक्त टीम ने हजारी धमना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान टीम ने पूरा सेटअप ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में अवैध लकड़ी और चिरान पटरा जब्त किया। हजारीबाग डीएफओ मौन प्रकाश को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण के हजारी धमना इलाके में लंबे समय से अवैध रूप से लकड़ी की कटाई और आरा मशीन संचालन चल रहा है। सूचना के आधार पर बड़कागांव, सदर और चौपारण वन क्षेत्र की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुँचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वनकर्मियों ने आरा मशीन, इंजन, चिरान मशीन और बड़ी मात्रा में कीमती लकड़ियाँ जब्त कर रेंज कार्यालय लाया। बताया गया कि लकड़ी की कीमत लाखों रुपये आँकी जा रही है। प्रादेशिक वन के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित संचालकों और माफियाओं के नाम-पते की पहचान की जा रही है, और सभी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इस तरह की सख्त कार्यवाही से अवैध वन कटाई और व्यापार पर अंकुश लगेगा।



## लोक उत्सव बना दुधमटिया वृक्ष रक्षाबंधन-सह-पर्यावरण मेला, उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की जीवंत झलक मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड स्थित दूधमटिया में देखने को मिली। दुधमटिया वृक्ष रक्षाबंधन-सह-पर्यावरण मेला के रूप में प्रख्यात हो रहे इस लोक उत्सव में इस वर्ष भी लोगों का अपार सैलाब उमड़ा। वन की प्राकृतिक सुरम्यता, रमणीयता और बासंती वैभव का अनुपम नजारा देखते ही बन रहा था। इस मेले के मुख्य प्रणेता, अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी महादेव महतो जी के जज्बे को आज पूरा क्षेत्र सलाम कर रहा है। ठीक 7 अक्टूबर 1995 को महादेव महतो जी ने दूधमटिया जंगल में वृक्षों में लाल डोर बाँधकर वृक्ष बचाने और पर्यावरण संरक्षण की एक भागीरथी प्रयास की शुरूआत की थी। उनका यह सकारात्मक प्रयास न केवल सफल रहा बल्कि आज यह एक भव्य लोक उत्सव का रूप धारण कर चुका है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार के हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल और वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण समिति बेरहो द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब प्रकृति प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन गया है। इस मेले में राज्य और राज्य के बाहर के पर्यावरण प्रेमी, आसपास के जिलों के यात्री और अगल-बगल के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ा जन-सैलाब उमड़ता है। भारतीय संस्कृति का संदेश मेले में बच्चे, बूढ़े, नौजवान, स्त्री-पुरुष सभी पर्यावरण संरक्षण के रंग में रंगे दिखे। आकर्षक झाँकियाँ, गीत-संगीत मंडलियाँ और विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी तथा निजी स्टॉलों द्वारा दिए जा रहे जागरूकता संदेशों को लोगों ने आत्मसात किया।

## बरही में डाक विभाग की समीक्षा बैठक व सम्मान समारोह संपन्न, उत्कृष्ट कर्मियों को मिला पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भारत सरकार संचार मंत्रालय डाक विभाग द्वारा मंगलवार को उरवां स्थित सिल्वर लाइक भीव रेस्ट हाउस तिलैया डैम में बरही अनुमंडल स्तरीय डाक समीक्षा बैठक, पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता डाक निरीक्षक विक्रम कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि सहायक डाक विश्वजीत राम, शिकायत निरीक्षक समीर मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पौधा दे कर स्वागत किया गया।इस बैठक सह सम्मान समारोह में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, तिलैया डैम के अंतर्गत डाकघर के डाकपाल,सहायक डाकपाल, शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल उपस्थीत रह। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशुतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी -11अक्टूबर पुरे भारत वर्ष में भारत सरकार, संचार मंत्रालय डाक विभाग के द्वारा डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा को लेकर डाक महा मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों का डाकघर में डाक जीवन बीमा,ग्रामीण डाक जीवन बीमा करने के लिए प्रेरीत करे एवं बीमा कराएं और अपने तथा परिवार का जीवन सुरक्षित करें। वहीं बेहतर काम करने वाले 29 डाक कमीर्यों को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार श्याम सुंदर यादव चेचकपी, द्वितीय पुरस्कार रवि कुमार बरही, तृतीय पुरस्कार दिपतेस आनन्द डाकपाल बरही को दिया गया। इस बैठक में अनुमंडल पीए अजीत रंजन, मेल ओवरसीयर रंजन कुमार गुप्ता, शत्रुजन कुमार, सूरज कुमार, छोटी मेहता, सविता यादव, रूपा कुमारी, अब्बास अंसारी सहित कई डाककर्मी उपस्थीत रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### बरही विधानसभा में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करना प्राथमिकता : कृष्णा यादव



**बरही :** जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव सह बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कृष्णा यादव के नेतृत्व में जे एल के एम का एक शिष्टमंडल मंगलवार को हजारीबाग बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता मिला। मुलाकात के दौरान कृष्णा यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में जले हुए ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से विजैया पंचायत के बेंजलाडीह गांव में 10 दिन पूर्व जले ट्रांसफार्मर को जल्द उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर अधीक्षण अभियंता ने आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। इस दौरान यादव ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना प्राथमिकता है। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर विभागीय अधिकारियों से संवाद बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानी दूर करना ही उनके राजनीतिक जीवन का मुख्य उद्देश्य है।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा लॉटरी ड्रॉ संपन्न



**हजारीबाग :** शहर के सबसे चर्चित महासमितियों में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रॉ का आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महासमिति के वरिष्ठ पदाधिकारी निशिकांत सिन्हा एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार सह समाजसेवी बंशीधर रुखैयर शामिल हुए। इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव,सचिव दीप नारायण निषाद सहित कोर कमेटी के सदस्य एवं कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन पवन खंडेलवाल ने किया। लॉटरी ड्रॉ में चार बॉक्स के माध्यम से लॉटरी के नंबर निकाले गए,जिसमें बच्चे,महिलाएं, छात्र-छात्राएं एवं दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ड्रॉ के दौरान बाजार में जो टिकट की संख्या उपलब्ध नहीं हो सकी, उसे दोबारा किया गया ताकि पारदर्शिता बनी रहे। पूजा के दौरान विभिन्न प्रभारियों को नियुक्त किया गया था, जिन्हें इस अवसर पर सम्मानित किया गया। ड्रॉ के परिणाम में प्रथम पुरस्कार कूपन संख्या 1829 नूरा निवासी वरुण कुमार को स्कूटी प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार स्कूटी का कूपन संख्या 3060 को प्राप्त हुआ, तृतीय पुरस्कार स्कूटी कूपन संख्या 3524 को प्राप्त हुआ, चतुर्थ पुरस्कार टीवी कूपन संख्या 1469 को प्राप्त हुआ, पांचवा पुरस्कार कूपन संख्या 1176 को मिला, वहीं छठवां पुरस्कार सोफा सेट कूपन संख्या 0494 राजू राम बंशीलाल चौक निवासी को प्राप्त हुआ,सातवां पुरस्कार ओटीजी कूपन संख्या 2286 को प्राप्त हुआ। इसके अलावा 20 व्यक्तियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप इंडक्शन चूल्हा एवं केतली प्रदान की गई। । इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव,सचिव दीप नारायण निषाद,दिलीप जायसवाल, शिवशंकर गुप्ता, बालगोविंद निषाद, लखन निषाद,नरेश निषाद,प्रदीप जैन,पवन खण्डेलवाल, गुड्डन सोनकर,प्रमोद खण्डेलवाल, राजेश सिन्हा,दिलीप सोनी,लक्ष्मण निषाद, आशुतोष चौधरी,रितेश खण्डेलवाल,मनोज गुप्ता, पंकज कसेरा,उमेश यादव,अनिल मद्धेशिया सहित कई लोग मौजूद रहें।

### चौपारण में गूंजे इंकलाब जिंदाबाद के नारे पूर्व विधायक ने किया शहीदों को नमन



**चौपारण :** बरही विधानसभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमाशंकर अकेला यादव के चौपारण स्थित आवास प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती बड़े ही श्रद्धा, जोश और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर देशभक्ति का माहौल चारों ओर छाया रहा। वहीं, इसी दिन पूर्व विधायक के पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में सुबह से ही चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा और हजारीबाग के लोगों का आना शुरू हो गया था। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला स्वयं गेट पर खड़े होकर सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से हुई। पूर्व विधायक के पौत्र भगत सिंह (कुमार भगत सिंह) ने अपने दादा के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की फिर केक काटा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की अमर शहीद भगत सिंह हमारे देश की आजादी के सबसे महान क्रांतिकारियों में से एक थे। उन्होंने अपने बलिदान से पूरे देश को देशभक्ति, साहस और आत्मबल का संदेश दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज हमें उनके विचारों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। जिस प्रकार उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया, उसी तरह हमें भी समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज के इस अवसर पर दोहरी खुशी है एक ओर शहीद भगत सिंह की जयंती और दूसरी ओर मेरे पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव। मुझे गर्व है कि मेरे पोते का नाम ऐसे महान क्रांतिकारी के नाम पर रखा गया है। मैं यही कामना करता हूँ कि यह बच्चा भी समाज और देश की सेवा में समर्पित हो। इसके बाद परिवार के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने मिलकर केक काटा, मिठाई बांटी, और भगत सिंह के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### भामाशाह विद्यालय में शरद पूर्णिमा उत्सव का हुआ आयोजन

**बरही :** आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की ओर से भामाशाह विद्यालय परिसर में शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजारीबाग से आए ताराकांत शुक्ला जी का बौद्धिक हुआ। मौके भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, दयानंद चौरसिया , जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी, गुरुदेव गुप्ता, मंडल करवाह दिलीप राणा,शाखा करवाह सुभाष जी, नंदकिशोर कुमार,निरंजन केशरी सहित कई स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## एक नजर

### रामविलास पासवान की पुण्यतिथि आज मनाएगी लोजपा



**रांची** : लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पार्टी की झारखंड प्रदेश इकाई बुधवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह कार्यक्रम पार्टी के डोरंडा स्थित कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, ब्लॉक-ए में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान करेंगे। इस अवसर पर रामविलास पासवान के योगदान, उनके सामाजिक न्याय के विचारों और मानवीय कार्यों को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। यह जानकारी पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

### रांची डीसी ने टाना भगतों के साथ की बैठक



**रांची** : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज समाहरणालय सभागार में टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रांची समेत आसपास के कई जिलों से टाना भगत आए थे। बैठक में टाना भगतों ने अपनी कई समस्याएं और मांगें रखीं। उपायुक्त ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी हर समस्या का कानूनी और व्यावहारिक समाधान खोजेगा। स्वतंत्रता संग्राम में टाना भगतों की भूमिका का जिक्र

उपायुक्त भजंत्री ने कहा कि टाना भगतों का देश की आजादी में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी थी, अब समय है नए अंग्रेजों यानी नशा, अफीम की खेती और सामाजिक बुराइयों से लड़ने का। समाज में फैलती बुराइयों के खिलाफ अपील उपायुक्त ने कहा कि आज समाज को नशा, डायन-बिसाही, झोलाछाप इलाज और हड़िया जैसी बुराइयों से खतरा है. उन्होंने टाना भगतों से आग्रह किया कि वे एक बार फिर सत्य, अहिंसा और अनुशासन के रास्ते पर चलते हुए इन बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाएं।

अगर टाना भगत ठान लें, तो समाज से नशा और अंधविश्वास जैसी बुराइयां पूरी तरह मिटाई जा सकती हैं।

### रांची रेल मंडल में 'स्पेशल कैंपेन 5.0' के तहत स्वच्छता अभियान जारी

**रांची** : रांची रेल मंडल द्वारा 'स्पेशल कैंपेन 5.0' के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता और रखरखाव कार्यों को गति दी जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत मंडल में गहन सफाई, कचरा प्रबंधन तथा कीट नियंत्रण की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत रेल ट्रैकों और नालियों की गहन सफाई की गई, जिससे स्टेशन परिसर अधिक स्वच्छ और सुचारु दिख रहा है। पहले और बाद की तस्वीरों से साफ झलकता है कि सफाई के बाद रेलवे ट्रैक और नालियां पूरी तरह से कचरे और अवरोधों से मुक्त हो गई हैं। इसी क्रम में स्टेशन परिसर में अभियान भी चलाया गया, जिसमें चूहों और अन्य हानिकारक जीवों को नियंत्रित करने के लिए विशेष उपाय किए गए।

# रांची विश्वविद्यालय में 'पृथ्वी का सतत भविष्य' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को भूगोल विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आर्यभट्ट सभागार में पृथ्वी का सतत भविष्य: संसाधनों के उपयोग एवं प्रबंधन की उभरती चुनौतियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय 9वीं NAGI अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह विषय न केवल शैक्षणिक दृष्टि से, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण की है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, औद्योगिकीकरण




और नगरीकरण की तीव्र गति ने जहाँ आर्थिक अवसर प्रदान किए हैं, वहीं संसाधनों के अंधाधुंध दोहन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। उन्होंने जोर दिया कि संसाधनों का संरक्षण केवल बचत नहीं, बल्कि उन्हें पुनर्जीवित करने और संतुलित रूप से उपयोग करने की प्रक्रिया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित हो सकें। राज्यपाल महोदय ने झारखण्ड की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वीरों की भूमि है जहाँ धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा जी समेत अनेक महान हस्तियों ने मातृभूमि के लिए बलिदान दिया। यहाँ का जनजातीय समाज प्रकृति-प्रेमी है और उनकी जीवनशैली सतत विकास का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह प्रसन्नता की बात है कि राज्य का लगभग 30 प्रतिशत क्षेत्रफल आज भी वनाच्छादित है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पंचामृत संकल्प के माध्यम से 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और मिशन लाइफ के द्वारा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि यदि हम दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करें, जैसे जल की बचत, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा तो हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और हरित पृथ्वी दे सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मलेन के माध्यम से वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधकताओं के विचार-विमर्श से ठोस सुझाव और कार्ययोजनाएँ सामने आएँगी, जो नीति-निमार्ताओं और योजनाकारों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। उन्होंने सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि आशा है, यह आयोजन पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास की दिशा में ठोस संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## जेडआरयूसीसी सदस्य ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्रीय रेलवे उपभोक्ता परामर्शदातृ समिति के सदस्य अरुण जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में चेयरमैन रेलवे बोर्ड सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन, यात्री सुविधाओं के उन्नयन और औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क से जोड़ने से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। अरुण जोशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मंगलवार को बताया कि मुलाकात के दौरान विशेष तौर पर उन्होंने रांची से जयपुर के बीच सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी। इसपर चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिया और कहा कि रेलवे झारखंड में यात्री सुविधाओं और कनेक्टिविटी बढ़ाने को प्राथमिकता देगा। उन्होंने हाल के वर्षों में रेलवे की ओर से किए गए सुधारों और यात्री सुविधाओं में वृद्धि के लिए आभार प्रकट किया और यात्रियों की ओर से रेलवे के विकास कार्यों में निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया।

## परंपरागत हथियारों के साथ 12 को जुटेगा आदिवासी समाज : तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा की बैठक मंगलवार को सिरमटोली सरना स्थल में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 12 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान में होने वाली आदिवासी महारैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अगुवा अजय तिर्की ने कहा कि महारैली में राज्य के 24 जिलों के 32 जनजातीय समुदायों के लोग पारंपरिक वेशभूषा और हथियारों के साथ शामिल होंगे। यह रैली आदिवासी हक, अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक बनेगी। बैठक में ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि कुड़मी महतो समाज झूठे इतिहास के सहारे आदिवासी समाज पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा



है। उन्होंने कहा कि कुरमी समाज के मंसूबे को हर हाल में पूरा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आजसू नेता चंद्रप्रकाश चौधरी की ओर से ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट जाना और अब आदिवासी दर्जे की मांग करना विरोधाभासी है। प्रवीण कच्छप ने कहा कि आदिवासी समाज पर चारों ओर से हमले हो रहे हैं और यह रैली एकजुटता का प्रदर्शन करेगी। फूलचंद तिर्की ने दोहराया कि आदिवासी कुड़मी समाज की आदिवासी दर्जे की मांग का लगातार विरोध करेंगे। वहीं सुषमा बरेली ने सरकार से मांग किया कि रेल टेका आंदोलन की आड़ में कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक में रुपचंद तिर्की, नवीन तिर्की, प्रकाश उरांव, सुषमा बडाईक, एतवा उरांव, बबलू उरांव, अनिल बरी, अजित कुमार, जोती, सुषमा विरुली सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## निगम प्रशासक ने मधुकम इलाके और तालाब का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने आज मधुकम क्षेत्र और तालाब का निरीक्षण किया। उनके साथ निगम के कई अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगभग 11 एकड़ से ज्यादा निगम की जमीन देखी, जहां आवासीय इलाके, सब्जी बाजार, शौचालय और खाली जमीन हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कहा कि इस पूरे क्षेत्र के लिए एक नया मास्टर प्लान बनाकर पुनर्विकास की योजना जल्द तैयार करें।

**सब्जी बाजार को नया रूप देने का निर्देश**

मधुकम सब्जी बाजार की खराब स्थिति देखकर प्रशासक ने कहा कि इसे साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया जाये ताकि वेंडर्स को आसानी से जगह मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाजार में डस्टबिन लगायें। रोज सफाई करायें और सभी वेंडर्स के लिए ठिकाने तय करें।

**अतिक्रमण और सफाई पर सख्त आदेश**

प्रशासक ने कहा कि इलाके में अवैध दुकानें और कब्जे हटाये जायें, नालियों की सफाई की जाये और जो नालियां बंद हैं उन्हें ठीक किया जाये उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रीट लाइट्स को ठीक किया जाये और अगर किसी ने निगम की जमीन पर कब्जा किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये। निरीक्षण के दौरान उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, नगर प्रबंधक, अभियंता और कई कर्मचारी मौजूद थे।

**शहर के तालाबों और घाटों की सफाई शुरू**

छठ महापर्व को देखते हुए नगर निगम ने शहर के तालाबों और घाटों की सफाई शुरू कर दी है।

## रिम्स प्रबंधन की लापरवाही से मरीजों की जान जोखिम में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य की राजधानी का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल RIMS इन दिनों खुद बीमार दिखाई दे रहा है। अस्पताल में चारों ओर अव्यवस्था और गंदगी का आलम है। यह वही जगह है, जहां मरीज अपनी जिंदगी बचाने की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन अस्पताल की मौजूदा हालत मरीजों को नई बीमारियों की तरफ धकेल रही है। अस्पताल में वॉर्डबॉय की भारी कमी है। स्ट्रेचर पर मरीजों को लाने-ले जाने का काम अक्सर उनके परिजन ही करते हैं। टूटी-फूटी फर्श और असमतल गलियारों की वजह से स्ट्रेचर पलटने जैसी घटनाएं भी कई बार होते-होते बचती हैं। कई वार्डों में पीने के पानी की मशीनें खराब पड़ी हैं, कुछ जगहों पर पानी आता ही नही। कई मंजिलों के बाथरूम लंबे समय से बंद पड़े हैं। दीवारों पर उगे पीपल के पेड़ अब भवन की मजबूती के लिए खतरा बन चुके हैं। परिसर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर लगे हैं, जिनमें इस्तेमाल की गई सिरिंज और अन्य मेडिकल अपशिष्ट खुले में दिखाई देते हैं। परिजनों के लिए कोई अलग वेटिंग रूम न होने से लोग गलियारों में ही ठिकाना बना लेते हैं। इससे मरीजों को लाने-ले जाने में रुकावट होती है। बिस्तर की कमी के कारण कुछ मरीज जमीन पर ही बिस्तर बिछाकर इलाज करा रहे हैं। बाथरूमों में कचरे के डब्बे खुले पड़े रहते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका और बढ़ जाती है। अस्पताल वह जगह होती है जहां मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से ही कमजोर होती है। ऐसे में, सफाई की कमी, खुले कचरे, दूषित पानी और बिना ग्लव्स के खाना देने जैसी स्थितियां उन्हें नई बीमारियों से संक्रमित कर सकती हैं।

# राजग नेताओं ने रांची में बैठक कर घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की बनाई रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला उपचुनाव में राजग की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव में राजग प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। विधानसभा क्षेत्र की जनता हेमंत सरकार की वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। पिछले 6 वर्षों में राज्य का विकास




ठप्प हो चुका है। हेमंत सरकार पार्ट-2 का भी लगभग एक वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन जनता को केवल लूट, भ्रष्टाचार, दलाली ,माफियागिरी ही देखने को मिल रहा है। बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। आम आदमी सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेल रहा। स्कूल में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में दवाई और डॉक्टर नहीं हैं। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है। मरांडी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। जनता राज्य की राजधानी में भी सुरक्षित नहीं है। युवा नौकरी की प्रतिक्षा करते-करते थक चुके हैं। भर्ती निकल नहीं रही, जो निकल रही वह बेच दी जा रही है। राजग राज्य सरकार के खिलाफ इन मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएगी। प्रदेश की जनता का मिजाज राज्य सरकार को सबक सिखाने का हो चुका है। ऑल झारखंड स्टूडेंट युनियन के अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजग पूरी तरह से एकजुट होकर घाटशिला उपचुनाव में अपनी ताकत लगाएगा। राज्य सरकार की हर मोर्चे पर नाकामी ही सबसे बड़ा मुद्दा है। राजग जनता से भ्रष्ट निकम्मी सरकार से झारखंड को बचाने का आग्रह करेगा। हेमंत सरकार से जनता की नाराजगी चुनाव परिणाम में दिखेगा। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सांसद खीरू महतो ने कहा कि राजग के घटक दलों ने बैठक में जो निर्णय लिया है, उसे परिणाम में बदलेंगे। घाटशिला उपचुनाव में राजग की जीत सुनिश्चित है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि आम चुनाव में भी घाटशिला के राजग प्रत्याशी की स्थिति अच्छी रही थी। इस बार जनता पिछली कमियों को दूर कर राजग प्रत्याशी को जीत दिलाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुंदाग मंदिर में धूमधाम से मना शरद पूर्णिमा महोत्सव



**रांची** : पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में मंगलवार को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था। पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल छाया रहा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि शरद पूर्णिमा आत्मशुद्धि, भक्ति और शांति का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला और मानव-प्रकृति के संतुलन का संदेश देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य पुजारी अरविंद पांडे की ओर से श्री राज श्यामा जी के दिव्य श्रृंगार से हुआ। भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी का श्वेत वस्त्रों एवं आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, सोमवार रात में आयोजित भजन-कीर्तन और सामूहिक आरती ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। ट्रस्ट के भजन गायकों की ओर से प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शरद पूर्णिमा की परंपरा के अनुसार 101 किलो दूध से बनी खीर तैयार कर चंद्रमा की रोशनी में रखी गई। प्रात:काल मुख्य पुजारी अरविंद पांडे ने विधिवत भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, ट्रस्ट के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### श्री श्याम मंदिर, हरमू रोड में हुआ 174वां श्री सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 174 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुन: श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सुनील मोदी हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।
उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### रांची में 12 अक्टूबर को विकसित भारत-2047 मैराथन का आयोजन



**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में ‘हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान के तहत विकसित भारत-2047 मैराथन का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसमें 25 हजार के अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। देश के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। रांची के अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी संकल्प के आह्वान पर आयोजित यह मैराथन रांची का एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है, जिसमें लगभग 25,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। यह मैराथन झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें केवल खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्ग विद्यार्थी, स्वयंसेवक, महिलाएं, माताएं, बहनें, सामाजिक संगठन और आम नागरिक भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संजय सेठ ने कहा कि यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वदेशी के प्रति हमारे संकल्प को और दृढ़ बनाने वाला ऐतिहासिक अभियान है। मैं रांचीवासियों से आह्वान करता हूं कि वे स्वदेशी के इस संकल्प को सशक्त करने के लिए मैराथन में अवश्य भाग लें। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ मोराबादी मैदान से प्रारंभ होकर यह एसएसपी आवास, कांके रोड, प्रेमसंस मोटर्स, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय होते हुए पुन: मोराबादी मैदान पर संपन्न होगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठन, जैसे मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी सभा सहित अन्य संगठन पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार भी दिया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। रांची के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और अब तक हजारों प्रतिभागी पंजीकरण भी करा चुके हैं। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने कहा कि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन राज्य में खेलों के विकास के प्रति समर्पित है।

**एक नजर**

## डोमचांच थाना में अभिमन्यु पड़ीहारी बने नए थाना प्रभारी



(डोमचांच/ कोडरमा) : जिले के डोमचांच थाना में दिन मंगलवार को शाम 5:00 बजे डोमचांच थाना प्रभारी के रूप में अभिमन्यु पड़ीहारी अपना योगदान दे दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी डोमचांच अभिमन्यु पड़ीहारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण मेरी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में अवैध उत्खनन अवैध शराब पर भी डोमचांच पुलिस की पैनी नजर होगी नजर ही। अगर आम जनों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी होती है तो वह सीधे मुझे संपर्क कर सकते हैं। बता दे कि इससे पहले वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तकनीकी सेल प्रभारी के साथ विशेष अभियान दाल के प्रभारी रह चुके हैं।

## रेलवे पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब किया बरामद



कोडरमा : मंगलवार को निरीक्षक प्रभारी/कोडरमा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक/बशिष्ट नारायण यादव साथ आरक्षी/राम बाबु यादव तथा आरक्षी/ पूरण चंद मीना सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य गाड़ी सं0 18626 अप हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस में प्रतिबंधित सामानों की चेकिंग कर रहे थे। जब गाड़ी गझंडी-दिलवा स्टेशन के मध्य चल रही थी तो उक्त गाड़ी के जनरल कोच सं० ECO255819 में शौचालय के पास एक ब्लू रंग तथा एक स्लेटी रंग का पिठू बैग लावारिस हालत में रखा हुआ पाया गया। उक्त दोनों पिठू बैग के बाबत आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उसपर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा शंका के आधार पर दोनो पिट्ठु बैग को वहीं पर खोलकर चेक किया गया तो ब्लू रंग के पिठू बैग के अंदर रखा हुआ 08 अदद 03 जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली० और प्रत्येक की कीमत 750 रुपए तथा स्लेटी रंग के पिठू बैग के अंदर रखा हुआ (i) 04 अदद 03 जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली० और प्रत्येक की कीमत 750 रुपए तथा (ii) 02 अदद 'y जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 मिली० और प्रत्येक की कीमत 410 रुपए अंकित पाया गया। जिसके बाद मौके पर ही सहायक उप निरीक्षक/वशिष्ट नारायण यादव, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष सभी अंग्रेजी शराब को समय 11:55 बजे जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा सोल्लास संपन्न

बोकारो : शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने भव्य पूजा पंडाल में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी। नवरात्र दुर्गा पूजा समाप्त होने के बाद भी नगर के बड़े पूजा पंडालों के बगल में मेला लगे रहने के कारण वहां पर पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन विजयादशमी को नहीं किया गया। लेकिन इसके बाद आज नगर के सभी बड़ पूजा पंडालों में सेक्टर 9 वैशाली मोड़ पूजा पंडाल, आलोक मैदान सेक्टर 9, सेक्टर 2 सी पूजा पंडाल समेत सेक्टर 9 बी पटेल चौक पूजा पंडाल व सेक्टर 4 ई सुभाष क्लब पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा का विसर्जन विभिन्न सूर्य सरोवर व तालाबों में विधिवत कर दिया गया।

# बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने ऐतिहासिक हड़ताल का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने मंगलवार को एक साथ कोक ओवन, यातायात, एसएमएस न्यू, सिंटर प्लांट, सी एर एम 3 विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय,तथा रेस्ट रूम में संकल्प सभा का आयोजन किया । उक्त सभा में उपरोक्त सभी विभागो के कर्मचारियों ने अगामी 10 अक्टूबर को विभाग में ऐतिहासिक हड़ताल में सहभागी बनने का संकल्प लिया । सेल तथा बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा दोनो स्तरो से किए जा रहे शोषण के विरुद्ध सभी ने अपना रोष का ईजहार किया । सभी जगह यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफ सेल प्रबंधन द्वारा कारपोरेट स्तर पर वेज रीविजन, एरियर, बोनस फॉमुर्ला , रात्री पाली भत्ता, इंसेंटीव, फेस्टीवल एडवांश, लैपटॉप एडवांश, एनपीएस फंड में भेदभाव , ड्रेस भत्ता आदि मामलों मे शोषण किया जा रहा है तो दूसरी तरफ बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा स्थानीय सुविधाओं मे भेदभाव किया जा रहा है। बोकारो इस्पात प्रबंधन कर्मचारियों के मामले में क्लब ,मोबाईल सेट , सीम , रिचार्ज , कार पास, बीजीएच में सुश्रुत वार्ड , दवा काउंटर, जाँच और परामर्श में भेदभाव, आवास आवंटन नीति में भेदभाव, आश्रित कर्मचारियों के प्रशिक्षण अवधि को सेवाकाल में जोड़ने मे भेदभाव, कर्मचारियों के रेस्ट रुम का जर्जर अवस्था, सेल कारपोरेट कार्यालय के तर्ज पर कैंटीन , कार्यस्थल पर सुरक्षा, एकतरफा ट्रांसफर , सेल के जमीन पर संचालित निजी विद्यालयों में भारी भरकम शुल्क जैसे मामलों में भारी भेदभाव किया जा रहा है । यूनियन ने हड़ताल के लिए 30 सूत्री मुद्दा बनाया है । उपर से सेल बीएसएल प्रबंधन द्वारा सम्पुर्ण औद्योगिक संबंध को खराब कर दिया गया है। किसी भी कमेटी में कर्मचारियों के तरफ से निर्वाचित सदस्य प्रतिनिधि नही है। न तो एनजेसीएस की नियमित बैठक बुलाई जा रही है तथा न ही बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों को लेकर कमेटी काउंसिल का गठन किया गया है । बीएसएल कर्मचारी प्रबंधन के इस मूड को भाँप कर अब सबक सिखाने की तैयारी मे जुट गए है । हड़ताल का प्रमुख मुद्दा अवैध बोनस फॉमुर्ला को जबरदस्ती लागु करना तथा उसके हिसाब से कर्मियों के खाते में जबरदस्ती बोनस राशी को भेज देना है । सरकारी कंपनी के प्रबंधन द्वारा निजी कंपनी के मालिक से भी बुरा व्यवहार करने से सेल कर्मी बूरी तरह आहत है । उसके बाद एनजेसीएस यूनियन नेताओं के रवैये से भी सेल कर्मी काफी आक्रोशित है । सभा की संचालन में यूनियन अध्यक्ष हरिओम, महासचिव दिलीप, कार्यकारिणी सदस्य राकेश, शिव पंडित, मानिक, संजय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गीता पाठ प्रतियोगिता में अदिति कुमारी ने डीएवी 8 बी का नाम किया रोशन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा रविवार को आयोजित नगर स्तरीय गीता पाठ प्रतियोगिता के भव्य आयोजन में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, 8 बी की छठवीं, कक्षा की होनहार छात्रा अदिति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उनकी यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ ही, अदिति कुमारी ने आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी अर्हता प्राप्त कर ली है, जहाँ वह अब राज्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति तथा आध्यात्मिकता के केंद्र श्रीमद्भगवद्गीता से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अदिति कुमारी की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य अनुपाल सागर और विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इसके अतिरिक्त, एक सुखद समाचार यह रहा कि इस प्रतियोगिता में डीएवी 8 बी से अत्यधिक संख्या में प्रतिभागियों के शामिल होने के कारण, विद्यालय को भी एक विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ जिसे विद्यालय के शिक्षक, श्री काञ्चन माझि द्वारा ग्रहण किया गया।

## चास मुफ्फसिल थाना पर लगे रिश्वतखोरी के आरोप झूठे, पुलिस जांच में हुआ खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : चास मुफ्फसिल थाना पुलिस पर लगे रिश्वतखोरी और पक्षपात के आरोप जांच में निराधार पाए गए। आवेदक समर सिंह चौधरी ने हाल ही में थाने पर रंगदारी और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस जांच में सच्चाई कुछ और ही निकली।थाना प्रभारी प्रकाश मंडल के नेतृत्व में हुई जांच में पाया गया कि विवाद असल में पारिवारिक भूमि के बिना बंटवारे से जुड़ा है। संबंधित जमीन आवेदक के नाना के नाम पर दर्ज है, जिनके छह पुत्र और दो पुत्रियां हैं। अब तक परिवार में भूमि का विधिवत बंटवारा नहीं हुआ। इसके बावजूद समर सिंह चौधरी ने अपनी मां से 27 डिसमिल की ऊंची कीमत वाली सड़क किनारे की जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करवा कर उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही अन्य पारिवारिक सदस्य, विशेषकर उनके मामा, इसका विरोध करने लगे और विवाद उत्पन्न हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कार्य रोकने की सलाह दी, ताकि विवाद न बढ़े। पुलिस सूत्रों के अनुसार, समर सिंह चौधरी की लिखित शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर न्यायालय को अग्रसारित किया गया है। साथ ही बीएनएसएस की धारा 126 और 163 के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी, चास को भेजा गया है। थाना प्रभारी प्रकाश मंडल ने साफ किया कि, पुलिस की भूमिका निष्पक्ष रही है। हमने हर पक्ष की बात सुनी और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई की। किसी भी व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत या आर्थिक लाभ के लिए कोई अनुचित व्यवहार नहीं किया गया।ह्जानकारों का मानना है कि बिना आधिकारिक जांच के पुलिस पर लगाए गए इस तरह के आरोप व्यवस्था की छवि को प्रभावित करते हैं। इस मामले में भी जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह कानूनी और तथ्य-आधारित रही, जबकि लगाए गए आरोप बेबुनियाद थे।

## कोडरमा में आपकी विकास पार्टी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने सरकार पर लगाया हमला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : झारखंड में आलिम-फाजिल डिग्री को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा इस डिग्री को असंवैधानिक करार देने के फैसले के खिलाफ अब राजनीतिक प्रतिक्रिया भी तेज हो गई है। इस मुद्दे पर आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है और इसे मुस्लिम समुदाय के शिक्षा अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया है। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि आलिम-फाजिल की डिग्रियाँ वर्षों से स्नातक और स्नातकोत्तर के समकक्ष मानी जाती रही हैं। अब अचानक इसे असंवैधानिक बताना नाइंसाफी है। अगर सरकार ने जल्द इस मसले का समाधान नहीं किया, तो आपकी विकास पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

उन्होंने कहा कि यह फैसला हजारों शिक्षित युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देगा, जिन्होंने इस डिग्री के आधार पर सरकारी नौकरियों की तैयारी की है।

आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग की नीतियाँ लगातार मुस्लिम समाज की शैक्षणिक व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले उर्दू स्कूलों की स्थिति बदली गई, फिर उर्दू शिक्षकों के पद घटाए गए, और अब आलिम-फाजिल डिग्री की मान्यता समाप्त करने की कोशिश हो रही है।

गुलाम मुस्तफा ने सरकार से सात प्रमुख मांगें रखीं –

आलिम-फाजिल डिग्री की वैधानिक मान्यता तत्काल बहाल की जाए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



झुमरी तिलैया : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में शिव तारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ब्लॉक रोड परिसर में वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय स्वयंसेवक, समाजसेवी, विद्यार्थी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बौद्धिक कर्ता रामप्रवेश पांडेय ने अपने प्रेरक बौद्धिक संबोधन में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके योगदान और समाज को दी गई दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने न केवल संस्कृत साहित्य को अमर कृति रामायण के माध्यम से एक नई ऊँचाई दी, बल्कि समाज को मयार्दा, सत्य और धर्मपरायणता का मार्ग भी दिखाया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने आगे कहा कि शरद पूर्णिमा की रात्रि आध्यात्मिक रूप से अत्यंत पवित्र मानी जाती है। यह वह रात्रि है जब चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ धरती पर अमृत बरसाता है। इस दिन की साधना और भक्ति मनुष्य को शांति, स्वास्थ्य और दिव्यता का अनुभव कराती है। कार्यक्रम के अंत में परंपरागत रूप से तैयार की गई खीर का प्रसाद सभी उपस्थित लोगों में वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर संघचालक रामा वतार केशरी, नगर सह संघचालक डॉ. आर. के. दीपक, जिला संपर्क प्रमुख दिलीप सिंह, नगर विस्तारक विशाल यदुवंशी, प्रिस राणा, राजेश कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल तिलैया में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" राष्ट्रीय एनसीसी कैंप का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



झुमरी तिलैया : एक भारत श्रेष्ठ भारत - 1/25 बिहार एंड झारखंड निदेशालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर का एनसीसी शिविर सैनिक स्कूल तिलैया में आयोजित किया गया। यह आयोजन ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस. गोपीकृष्णन के मार्गदर्शन में एवं 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार के कुशल नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के इस भव्य शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत भारत के विभिन्न राज्यों – आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं झारखंड निदेशालयों से आए कुल 601 एनसीसी कैडेट्स ने जोश और उत्साह के साथ की। प्रातःकालीन सत्र में योग गुरु प्रदीप सुमन एवं योगाचार्य सुषमा सुमन के नेतृत्व में भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और अन्य प्राणायाम कराए गए। योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा, हर व्यक्ति को प्रतिदिन 30 मिनट पसीना बहाना चाहिए, विशेष रूप से छात्रों को योग से मानसिक संतुलन और ऊर्जा प्राप्त होती है। शिविर के ओपनिंग एड्रेस में कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कैडेट्स को ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता की समझ और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने हेतु एक सशक्त मंच है।

उन्होंने कैडेट्स को निम्नलिखित प्रमुख बातें बताईः

अनुशासन ही जीवन का मूल स्तंभ है। आत्मविश्वास से बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। एनसीसी का उद्देश्य केवल शारीरिक विकास नहीं, बल्कि नैतिक और मानसिक सशक्तिकरण भी है। एक भारत श्रेष्ठ भारत हमारी विविधता में एकता को दर्शाता है, जिसे हर कैडेट को आत्मसात करना चाहिए। इसके पश्चात स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एसोसिएट मैनेजर वीरेंद्र कुमार द्वारा ऑनलाइन बैंकिंग सुरक्षा, एटीएम फ्रॉड से बचाव और डिजिटल लेनदेन में सतर्कता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने साइबर जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए कैडेट्स को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

**संक्षिप्त खबरें**

## पार्षद पिंकी ने किया जिओ फाइन टोटो शोरूम का उद्घाटन



झुमरीतिलैया : बायपास रोड केडिया ऑटो के समीप ₹जिओ फाइन₹ टोटो शोरूम का उद्घाटन वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने किया शोरूम के ओनर मनीष गंगवाल ने कहा की प्रथम पांच व्यक्ति को टोटो की खरीदी पर 32 इंच का स्मार्ट एलइडी टीवी मुफ्त दिया जाएगा उन्होंने कहा कि किफायती दाम के साथ ज्यादा माइलेज मजबूत बॉडी आसान किस्त और न्यूनतम ब्याज दर पर यह टोटो उपलब्ध है शंभू जी जैन सरावगी गिरिडीह ने इस मौके पर कहा कि जिओ फाइन कंपनी का शहर का यह पहला शोरूम है एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक यह टोटो चलेगी 140 एमपीयर का पांच बैटरी इसमें लगा है यदि ग्राहक चाहे तो लिथियम लीड एसिड सिंगल बैटरी भी उपलब्ध है वह लगा सकते हैं पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर ओनर मनीष गंगवाल परिवार को बधाई दी और कहा कि ग्राहक भगवान का दूसरा रूप होते हैं ग्राहक ही दुकान की सफलता और आय का स्रोत होते हैं ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधा दे त्यौहार का समय है आकर्षक उपहार दें गुणवत्ता पूर्वक कार्य करें जिससे दुकानदार और ग्राहक में अच्छा समन्वय स्थापित हो सक इस मौके पर त्रिशला गंगवाल नेहा गंगवाल हिमानी सरावगी नीलम सेठी ललित सेठी पंडित अभिषेक शास्त्री आशीष सेठी प्रीति सेठी निर्मल गंगवाल प्रियंका गंगवाल सिद्धांत सेठी पायल सेठी इसान सेठी सन्नी कुमार सुशील कासलीवाल सायशा अविका विराज वियाश नवीन जैन आदि लोग उपस्थित थे।

## जयनगर प्रखंड में पंचायत स्तरीय लीग टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न




जयनगर : प्रखंड के पंचायत तेतरोन आजाद मैदान में आयोजित पंचायत स्तरीय लीग टूनार्मेंट के फाइनल में नवाडीह बनाम मतौनी के बीच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव एवं मुखिया आशा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैच का आयोजन मुखिया आशा देवी के द्वारा किया गया। फाइनल मैच 12 -12 ओवर का खेला गया। जिसमें निर्धारित 12 ओवर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुवे मतौनी की टीम ने 188 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलते हुए नावाडीह की टीम 91रन बनाकर आउट हुई। 97 रनो से फाइनल मैच का विजेता मतौनी रही। विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच परमानंद राना एवं मैन ऑफ टूनार्मेंट पुरस्कार प्रविन राना को दिया गया। मौके पर वरिष्ठ नेता महावीर यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र दास, उप मुखिया सलीम अंसारी, गुल मोहम्मद अंसारी, रामचंद्र यादव, दिवाकर राणा, राजेश यादव, दशरथ यादव, मनोज पाण्डेय,कॉमेंटेटर के रूप में इसराइल अंसारी, मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंपायर की भूमिका राजेश दास एवं मोबीन अंसारी ने निभाई, स्कोरर का काम बखूबी संतोष यादव ने निभाया। टूनार्मेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया था।

## बरही में नवनियुक्त कोडरमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक का भव्य स्वागत



कोडरमा : जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक का बरही आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम बरही प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक के नेतृत्व में रसोइया धमना स्थित लोकनायक होटल में आयोजित किया गया, जहां स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों ने जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक को फूलों की माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करने के साथ हुई। मौके पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लिया। बरही प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक ने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने में प्रकाश रजक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का अनुभव और नेतृत्व कांग्रेस कार्यकताओं को एकजुट कर जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में प्रेरित करेगा। मौके पर कांग्रेस नेत्री पूनम यादव, प्रकाश साव, राकेश रजक, दिलीप रजक, जितेंद्र गिरी, फूलचंद सिंह समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जिलाध्यक्ष को बधाई दी और पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## "स्वच्छता पखवाड़ा" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पटरी अभियान का हुआ आयोजन



बोकारो : दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में आज "स्वच्छता पखवाड़ा" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पटरी अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष स्वच्छता अभियान का उद्देश्य रेलवे ट्रैकों और उनके आस-पास के क्षेत्रों को पूर्णतः स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाए रखना था।अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि स्टेशनों की सीमाओं से लेकर शहर की परिधि तक के ट्रैक किनारों पर कहीं भी कचरा जमा न हो और खुले में शौच जैसी अस्वच्छ प्रवृत्तियों पर रोक लगे। रेलवे कर्मियों और स्थानीय लोगों की सहभागिता से ट्रैक के दोनों ओर फैले कचरे, अवांछित झाड़ियों और घास की सफाई की गई।अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित परिवेश बनाना है ताकि यात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। रेलवे प्रशासन ने सभी से अपील की कि वे पटरियों के किनारे कचरा न फेंकें और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें।

एक नजर

### लंबित मामलों का निष्पादन अभियान चलाकर करें : एसपी

**हजारीबाग** : एसपी अंजनी अंजन ने अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर मंगलवार को बैठक की। बैठक में सभी थानेदार और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। एसपी ने महिला प्रताड़ना और हिंसा एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही वर्ष 2025 के पूर्व जितने भी कांड लंबित हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष?पादित करने और सभी थानों में जमानती एवं गैरजमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की- जब्ती के लिए लंबित मामलों का निपटारा करने को कहा। इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की बात कही। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने करने की भी बात कही। पुलिस अधीक्षक अंजन ने यह भी कहा कि सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करते हुए उसमें शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपने अपने थानों में आम पब्लिक की समस्याओं को सुनने और उनकी समस्याओं को समय पर निष्पादित करने को कहा।

### वैश्य समाज ने आदित्य साहू को किया सम्मानित

**रामगढ़** : झारखंड के प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर आदित्य साहू के मनोनयन के बाद वैश्य समाज में हर्ष का माहौल है। रामगढ़ में मंगलवार को झारखंड वैश्य समाज ने आदित्य साहू को सम्मानित किया। झारखंड वैश्य समाज के महासचिव रविंद्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू, केंद्रीय संगठन मंत्री शिव शंकर साहू, प्रवक्ता संतोष रंजन मोदी सहित अन्य को बुके देकर, शॉल और चुनरी ओढ़ाकर साहु को सम्मानित किया। मौके पर झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय महासचिव रविन्द्र साहू ने भाजपा के प्रति आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर वैश्य समाज की ओर से आभार प्रकट किया।

# एचएलएम ट्रॉफी सीजन-04 का भव्य समापन केके ब्रदर्स ने फाइनल मुकाबले में जीता खिताब

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और रामचंद्र सहिस रहे मुख्य अतिथि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल** : सामाजिक संस्था जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से चांडिल प्रखंड के धातकीडीह (भादूडीह) फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय एचएलएम ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता (सीजन-04) का भव्य समापन समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश महतो, तथा पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने समाजसेवी हरे लाल महतो की प्रशंसा करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा, सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इतने भव्य स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करना अपने आप में प्रेरणादायक है। आमतौर पर लोग अपना जन्मदिन केक काटकर या मनोरंजन में बिताते हैं, लेकिन हरे लाल महतो ने इसे समाजसेवा और खेल भावना को समर्पित किया है। उन्होंने आगे कहा कि हरे लाल महतो द्वारा एक ओर भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता, तो दूसरी ओर दिव्यांगों के बीच उपहार वितरण, रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन–यह सब समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शार्ता है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि हरे लाल बाबू ने स्वयं को सच्चे समाजसेवक के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने अपना जन्मदिन जनता को समर्पित कर दिया है। स्थानीय खिलाड़ियों को इतना बड़ा मंच प्रदान करना और जरूरतमंदों की सेवा करना, यह तभी संभव है जब किसी के मन में सच्ची समाजसेवा की भावना हो। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष देवाशीष राय, अशोक साव, आजसू नेता संजय मेहता, दीपक महतो, सुनील सिंह, भाजपा नेता पप्पू वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, कुलवंत सिंह बंटी, सत्यनारायण महतो, दुर्गा महतो, सुदर्शन महतो, बॉबी जालान, महेश कुंडू, मनोज महतो, विशाल चौधरी आदि मौजूद थे। फाइनल मुकाबला केके ब्रदर्स, सोनाहातू और जय गुरु लिपाईपाठ, बोड़ाम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में केके ब्रदर्स ने 2-0 से विजय प्राप्त कर एचएलएम ट्रॉफी सीजन-04 का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम केके ब्रदर्स, सोनाहातू को पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और समाजसेवी हरे लाल महतो ने संयुक्त रूप से 2 लाख नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। वहीं उपविजेता टीम जय गुरु लिपाईपाठ, बोड़ाम को 1.5 लाख नकद राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता स्थल पर ही जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से ब्रम्हानंद ब्लड बैंक के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान कुल 152 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने रक्तदाताओं की सराहना की और उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

संक्षिप्त खबरें

### एसबीयू और यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के बीच हुआ शैक्षणिक करार



**रांची** : सरला बिरला यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के बीच शैक्षणिक सहयोग पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित एमओयू पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक और यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया नेमिरोवसकी फैमिली डीन प्रो. विजय कुमार ने हस्ताक्षर किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक तथा अन्यान्य क्रिया कलापों से संबंधित गतिविधियों का आदान- प्रदान होगा। अमेरिका के शीर्षस्थ आईवी लीग विश्वविद्यालयों में शुमार यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में न सिर्फ अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर जाना-पहचाना नाम है। संस्थान में स्थापित 190 रिसर्च सेंटर और विशेषज्ञ शिक्षक दुनियाभर के शोधार्थियों को यहां शोध के लिए प्रेरित करते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन, वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत विश्व की कई नामी गिरामी हस्तियां यहां पठन-पाठन का कार्य कर चुके हैं। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस एमओयू पर हर्ष व्यक्त किया है।

### कंसारी मंडल का निधन से सुढ़ी समाज को लगा गहरा आघात : कृतिवास मंडल

**धनबाद** : झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले झारखंड आंदोलनकारी धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कंसारी मंडल का निधन हो गया है और उनकी निधन से सुढी समाज को गहरा आघात पहुंचा है और उसकी भरपाई करना समाज को बहुत मुश्किल है शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सुढी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल ने कही वहीं राष्ट्रीय सुढी समाज युवा प्रोकष्ट के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने भी गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कंसारी मंडल की आत्मा को भगवान शांति प्रदान करे और उनके परिवार को इस दु:ख को सहन करने की ताकत दे।

## सड़क दुर्घटना रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी** : समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगस्त और सितंबर माह के दौरान जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दर्ज एफआईआर और अब तक की गई जांच एवं कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे इसके लिए पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग आरसीडी और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर आवश्यकता है, वहां सड़कों की मरम्मत, रम्बल स्ट्रिप्स, सड़क संकेतक, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य सुरक्षा प्रावधानों को जल्द लागू किया जाए। उन्होंने पुलिस पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने, वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से संचालित करने और यातायात नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। साथ ही ओवर स्पीडिंग, लापरवाह ड्राइविंग, एवं ड्रिंक और ड्राइव जैसे गंभीर मामलों पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में हिट एंड रन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए और जो मामले लंबित हैं, उन्हें अविलंब निष्पादित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि हिट एंड रन से संबंधित मामलों में आश्रितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मामला लंबित न रहे और मुआवजा भुगतान में तत्परता बरती जाए। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सतगावां प्रखंड मुख्यालय के प्रज्ञा केंद्र में जन्म प्रमाणपत्र के नाम पर अवैध वसूली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सतगावां** : सतगावां प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र में सरकारी सेवाओं के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जन्म प्रमाणपत्र बनवाने आए लोगों से मनमानी राशि वसूले जाने से आम जनता में आक्रोश है। मंगलवार को जन्म प्रमाणपत्र बनवाने पहुंचे दीपेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि अपनी बेटी सनाया कुमारी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सतगावां प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र पहुंचे जहां उनसे प्रमाणपत्र जारी करने के नाम पर 200 रुपये वसूली किये गए,जबकि उसी समय मौजूद अन्य लोगों से मात्र 100 रुपये ही लिए गए। दीपेन्द्र ने सवाल उठाया – आखिर एक ही सेवा के लिए अलग-अलग लोगों से अलग शुल्क क्यों? सरकार जहां सेवाओं को पारदर्शी और ऑनलाइन बनाने की बात कर रही है,वहीं जमीनी स्तर पर यह वसूली किस नियम के तहत हो रही है? स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कोई नया मामला नहीं है। प्रज्ञा केंद्रों में लंबे समय से इस तरह की मनमानी वसूली की शिकायतें की जा रही हैं,लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे आम लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जन्म प्रमाणपत्र सहित अन्य सेवाओं के लिए अलग-अलग केंद्रों पर 50, 100 और कभी-कभी 200 रुपये तक लिए जाते हैं,जबकि सरकार ने जन्म प्रमाणपत्र शुल्क नाममात्र या निशुल्क निर्धारित किया है।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/869/2025-26
दिनांक :– 06.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत हजारीबाग–बड़कागाँव–टण्डवा–खेलारी–बीजुपाड़ा पथ SH-07 के कि0मी0 9+065, 28+238 & 32+045 पर अवस्थित उच्चस्तरीय सेतु के फाउण्डेषन, गार्डवॉल एवं एप्रोच पथ में Restoration कार्य (वित्तीय वर्ष 2025–26)'' |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू॰ 1,40,00,000.00 (एक करोड़ चालीस लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीनं) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 14.10.2025 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.10.2025 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.10.2025 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818
PR 363429 Road (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग


## स्नातक 2018-21 के प्रोविजनल और डिग्री सर्टिफिकेट नहीं मिलने पर छात्रों ने ज्ञापन सौंपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल** : मंगलवार को एआईडीएसओ सिंहभूम कॉलेज कमेटी की ओर से सिंहभूम कॉलेज चांडिल के प्राचार्ज महोदय के द्वारा कोल्हन विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम पर ज्ञापन सोपा गया। जिसमें युधिष्ठिर प्रमाणिक ने बताया कि स्नातक सत्र 2018 - 21 का अभी तक प्रोविजनल सर्टिफिकेट तथा उपाधि प्रमाण पत्र कॉलेज में नहीं आया है इसीलिए बच्चों का शैक्षणिक तथा विभिन्न परीक्षाओं के फॉर्म आवेदन करने में परेशानियां आ रहा है वर्तमान में खएळ का फॉर्म आया है जिसमें प्रोविजनल या डिग्री सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ रहा है सत्र समाप्त होकर 4 साल होने जा रहा है लेकिन छात्र के पास उपलब्ध नहीं है जिसके कारण फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं उन्होंने बताया कि उस सत्र से पहले और उस सत्र के बाद का प्रोविजनल सर्टिफिकेट आया है लेकिन सत्र 2021- 18 का अभी तक नहीं दिया गया है जो की विश्वविद्यालय का लापरवाही है और जिसकी करण बच्चे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए ज्ञापन के माध्यम से यह सूचित किया गया है कि जल्द से जल्द प्रोविजनल और डिग्री सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाए अन्यथा छात्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसमें शैलाज कुमार दास, बलराम महतो, रोहित प्रमाणिक, बाबूलाल सोरेन, बिना पानी महतो, नमिता कुमारी, प्रिया कुमारी, भवानी मुर्मू, बुधनी मार्डी आदि उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने मनाया कोजागरा उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मिथिला-मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो की ओर से सोमवार देर शाम मिथिलांचल का पारंपरिक कोजागरा उत्सव सोल्लास मनाया गया। परिषद् द्वारा संचालित सेक्टर-4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में आयोजित इस उत्सव में गीत-संगीत के बीच मिथिला की समृद्ध पारंपरिकता की झलक दिखी। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष एवं परिषद निदेशक मंडल के संयोजक राजेंद्र कुमार, विद्यालय सचिव दिलीप कुमार झा, मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने किया। आरंभ में अपने स्वागत भाषण में महासचिव नीरज चौधरी ने कोजागरा उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि मिथिलांचल में आश्विन पूर्णिमा के दिन कोजागरा उत्सव मनाया जाता है। इस दिन हर घर में लक्ष्मी पूजा का विधान है और रात्रि जागरण की प्रधानता है। विशेष रूप से नवविवाहित युवकों के यहां कोजागरा उत्सव धूम-धाम से मनाया जाता है। उन्होंने मिथिला की धनी संस्कृति व परंपरा पर प्रकाश डालते हुए इसे अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान सभी से किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, वरिष्ठ सदस्या नमिता झा, आशा झा, जयंती पाठक, विनीता राय द्वारा भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि... से हुई।


कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची।

नये रंगीन मछली पालन इकाईयों को पूरक सामग्री हेतु आवेदन आमंत्रण का आम सूचना सूचना

एतद् द्वारा राँची जिला अन्तर्गत रंगीन मछली पालन/रंगीन मछलियों के प्रजनन एवं एक्वेरियम निर्माण इत्यादि कार्य में रूचि रखने वाली इच्छुक एवं इससे जुड़ी महिलाओं को सूचित किया जाता है कि ''मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना'' के स्वीकृत्यादेश संख्या 11 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य के आलोक में नये रंगीन मछली इकाईयों को प्रति ईकाई पूरक सामग्री (रंगीन मछली सहित) उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित रूप से प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य के आधार पर दिनांक **16.10.2025** तक कार्यालय अवधि में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| योजना/कार्यक्रम का नाम | शीर्षवार भौतिक लक्ष्य | | | | प्रति ईकाई पूरक सामग्री की राशि | आवेदन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नये रंगीन मछली इकाईयों को पूरक सामग्री (रंगीन मछली सहित) | 101 | 796 | 789 | कुल | 20 हजार प्रति ईकाई | 1. रंगीन मछली पालन में वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। 2. समूह (क्लस्टर) में चयन को प्राथमिकता दी जाएगी। 3. कार्य स्थल की उपलब्धता, विद्युत एवं पानी की व्यवस्था को देखते हुये चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। |
| | 25 | 15 | 22 | 62 | | |

नोट :– आवेदन प्रपत्र मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची से प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है।

PR 363470 (Fish) 25-26 (D)

ह0/–
सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची।


# सरिया में आदिवासी आक्रोश महारैली : नाबालिग लड़की के दुष्कर्मी-हत्यारे को फांसी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : सरिया अनुमंडल में मंगलवार को आदिवासी संगठनों ने सात सूत्री मांगों को लेकर भव्य महारैली और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाल ही में सरिया थाना क्षेत्र के एक आदिवासी बहुल गांव में नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ दूसरे समुदाय के व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म कर हत्या की घटना के खिलाफ आक्रोशित आदिवासियों ने गिरफ्तार आरोपी गुलाम मुहीउद्दीन को फांसी की सजा देने की प्रमुख मांग उठाई। साथ ही, कुडमी जाति को आदिवासी श्रेणी में शामिल न करने समेत अन्य मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।सरिया हाईस्कूल स्टेडियम से शुरू हुई महारैली में सैकड़ों आदिवासी पुरुष-महिलाएं तीर-धनुष, हसुआ, भाला, लाठी थामे ढोल-नगाड़ों के साथ सरिया बाजार और झंडा चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचीं। प्रदर्शनकारियों ने 'दुष्कर्मी को फांसी दो', 'आदिवासी अस्मिता बचाओ' जैसे नारे लगाते हुए सरकारी निष्क्रियता पर कटाक्ष किया। रैली को संबोधित करते हुए आदिवासी नेताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, आदिवासियों का सबसे बड़ा विरोधी सोरेन की सरकार है। हेमंत का जन्म किसी संघर्ष से नहीं, बल्कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन से सत्ता की सौगात से हुआ है। राज्य में बहू-बेटियों के साथ दुष्कर्म, हत्या और छेड़खानी आम हो गई है, लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। नेताओं ने हाल के एक नारे 'जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा' का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि जेल से रिहा होने के बाद सोरेन की इरफान अंसारी से 'दोस्ती' बढ़ी है, जिससे आदिवासियों की अस्मिता पर चोट पहुंची है। उन्होंने कहा, पिछले दिनों एक आदिवासी छात्रा के साथ मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म और बर्बर हत्या के आरोपी को फांसी न मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में सात सूत्री मांग पत्र में शामिल प्रमुख बिंदु हैं: नाबालिग आदिवासी लड़की के दुष्कर्मी-हत्यारे को फांसी की सजा।


महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची

सूचना पट निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 20/2025–26

200 अदद् **Mattress** की आपूर्ति हेतु GST निबंधित स्थानीय फर्मो से **दिनांक–16.10.2025 को समय 18:00 बजे तक** मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्तें** :–

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भागों – तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST, पैन नम्बर की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. इस निविदा में **Mattress** (Wakefit /Sleepwell /Duroflex /Kurl-On) के उत्पादनकर्ता /अधिकृत विक्रेता हीं निविदा समर्पित कर सकते हैं।
3. **परिशिष्ट–01 के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार वित्तीय भाग समर्पित करेंगे।** वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
4. **Mattress का Specifications परिशिष्ट–02 के रूप में संलग्न है।** उक्त Specifications के अनुरूप **Mattress** की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। Specifications के अनुरूप **Mattress** की आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. क्रयादेश निर्गत करने से पूर्व Procurement Committee आवश्यकतानुसार नमूना की मांग कर सकती है।
6. **Mattress** की आपूर्ति केन्द्रीय भंडार, होटवार, राँची में करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं "वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से भेजना होगा। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा रहना अनिवार्य होगा।
8. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग **दिनांक–17.10.2025 को समय 12:00 बजे** Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
9. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे।
11. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–01 एवं 02 सहित) झारखण्ड पुलिस के वेबसाईट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी संपूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।
12. कार्यादेश में अंकित दर के अनुरूप उत्पाद की संख्या को 25% तक घटाया–बढ़ाया जा सकता है।
13. प्रस्तुत उत्पाद विनिर्देशें के साथ डेटा शीट का मिलान और सत्यापन किया जा सकता है तथा तकनीकी मांपदंडो में किसी भी अस्पष्टीकृत विसंगति की स्थिति में निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।

पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन)
झारखण्ड, राँची

PR 363506 (Police)25-26*D

## जहरीली दवा बनी अभिशाप

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके, फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी।

# रायबरेली से सुप्रीम कोर्ट तक, कांग्रेस ने दलित उत्पीड़न को बनाया चुनावी मुद्दा

**अजय कुमार**

बिहार के चुनावी मौसम में इस बार हवा कुछ अलग बह रही है। जहां एक तरफ विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की बातें जोर पकड़ रही हैं, वहीं रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की घटना अब बिहार विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बनने जा रही हैं। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को हाथों-हाथ लेकर दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों को साधने की पूरी तैयारी में जुट गई है। पार्टी के नेता कहते हैं कि ये सिर्फ दो घटनाएं नहीं, बल्कि भाजपा शासित राज्यों में दलितों पर हो रहे अत्याचारों का जीता-जागता सबूत हैं।सबसे पहले बात करते हैं रायबरेली की उस दर्दनाक घटना की, जो पूरे देश को झकझोर रही है। 2 अक्टूबर 2025 को रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में 38 साल के दलित युवक हरिओम वाल्मीकि को गांव वालों ने चोरी के शक में इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी जान चली गई। हरिओम अपनी ससुराल ईश्वरदासपुर आया था, लेकिन गांव वालों ने उसे ड्रोन चोर समझ लिया। दो घंटे तक लाठी-डंडों, बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई होती रही। हरिओम कराहते हुए बार-बार 'राहुल गांधी-राहुल गांधी' का नाम ले रहा था, मानो मदद की गुहार लगा रहा हो। हैरानी की बात यह है कि पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हरिओम को अस्पताल ले जाने की बजाय गांव वालों के हवाले छोड़ दिया। हरिओम की पत्नी का कहना है कि पुलिस ने उसे मरने के लिए छोड़ दिया। किसी ने इस पूरी घटना के तीन वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में हरिओम की चीखें और उसकी आखिरी सांसें साफ सुनाई दे रही हैं, जो किसी भी इंसान का कलेजा चीर सकती हैं। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन परिवार का आरोप है कि असली दोषी अब भी आजाद घूम रहे हैं। हरिओम के पिता गंगादीन ने बताया कि उनका बेटा मजदूरी करता था और परिवार की कमर टूट गई है। इस घटना ने एक बार फिर मॉब लिंचिंग के पुराने घावों को कुरेद दिया है, जहां दलित और कमजोर वर्ग के लोग आसानी से निशाना बन जाते हैं। कांग्रेस ने इसे समाज पर कलंक बताया और भाजपा सरकार पर सवाल उठाए कि क्या यूपी में जंगलराज चल रहा है?

वीडियो वायरल होने के बाद विपक्षी नेता राहुल गांधी ने तुरंत हरिओम के परिवार से फोन पर बात की। उन्होंने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया और अपने एक्स हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। राहुल ने लिखा, रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब- हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं- उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। राहुल की यह पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है और दलित समुदाय में काफी सराही जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जो खुद दलित समुदाय से हैं, ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग और बुलडोजर अन्याय आज की भयावह हकीकत बन गए हैं। खरगे और राहुल ने संयुक्त बयान में इसे संविधान के खिलाफ अपराध बताया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार से नौकरी और मुआवजे की मांग की। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया और राजेंद्र गौतम जैसे नेता भी परिवार से मिले और बोले कि भाजपा में दलितों का उत्पीड़न हो रहा है। यह घटना फतेहपुर के दलित समाज में आक्रोश पैदा कर रही है, जहां हरिओम को राहुल का नाम लेने पर और पीटा गया। इस घटना के ठीक बाद, 6 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में एक और चौंकाने वाली वारदात हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जो खुद दलित समुदाय से आते हैं, पर 71 साल के वकील राकेश किशोर ने जूता उछाल दिया। राकेश बरेली का रहने वाला है और खुद को सनातन धर्म का रक्षक बताता है। वह कहता है कि सीजेआई की एक पुरानी टिप्पणी से आहत था। दरअसल, 16 सितंबर को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की सिर कटी मूर्ति को लेकर याचिकाकर्ता से मजाक में कहा था कि मूर्ति से प्रार्थना करो, शायद वह अपना सिर वापस लगा ले। राकेश ने इसे सनातन धर्म का अपमान माना और कोर्ट में ही जूता फेंक दिया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। राकेश ने बाद में कहा, मुझे कोई अफसोस नहीं, ये सब ऊपर वाले ने कराया। मैं सनातन का अपमान सहन नहीं कर सकता। हैरानी की बात यह है कि राकेश पर कोई केस दर्ज नहीं हुआ। चीफ जस्टिस गवई ने खुद इसे अनदेखा करने को कहा और बोले, इसे अनदेखा कर दीजिए, मैं इससे विचलित नहीं होने वाला। लेकिन सोशल मीडिया पर इस घटना ने तूफान मचा दिया। कुछ लोग इसे दलितों के खिलाफ नफरत का प्रतीक बता रहे हैं, तो कुछ इसे न्यायपालिका पर हमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जस्टिस गवई से फोन पर बात की और घटना पर चिंता जताई। सोनिया गांधी ने भी निंदा की। विपक्षी नेता जैसे अखिलेश यादव और संजय राउत ने इसे भाजपा की साजिश बताया और कहा कि यह संविधान पर हमला है। राकेश का बयान कि दूसरे समुदाय के जज सनातन का मजाक उड़ाते हैं ने दलित समाज को और भड़का दिया है।

अब सवाल यह है कि ये दोनों घटनाएं बिहार चुनाव में कैसे मुद्दा बन रही हैं? बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा हो चुकी है। दो चरणों में वोटिंग होगी- 6 नवंबर और 11 नवंबर को, जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। यहां दलित वोटरों की संख्या करीब 16-19 प्रतिशत है, जो चुनावी नतीजों को पलट सकती है। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को अपनी रणनीति का हिस्सा बना रही है। पार्टी की थीम है- दलित गरीब हो या सीजेआई, भाजपा राज में ये निशाने पर, संविधान-लोकतंत्र खतरे में। कांग्रेस ने बिहार में अपना प्रदेश अध्यक्ष दलित समुदाय से आने वाले राजेश राम को बनाया है, जो काफी पहले से तैयारी का हिस्सा है। राहुल गांधी हर सभा में दलित मुद्दों को उठा रहे हैं। वह संविधान पर हमले, आरक्षण और जाति जनगणना की बात करते हैं। हाल ही में उन्होंने नालंदा और गया में अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन किया, जहां सीएम नीतीश कुमार को चुनौती दी। राहुल ने सरकारी नौकरियों और ठेकों में ईबीसी आरक्षण का दांव चला, जो बिहार के पिछड़ों को लुभा रहा है। कांग्रेस महागठबंधन में 55 सीटों पर लड़ने की तैयारी में है, जहां राजद के साथ सीट बंटारे पर मुहर लग चुकी है। पार्टी सीमांचल इलाके पर फोकस कर रही है, जहां मुस्लिम और दलित वोटर ज्यादा हैं।

बिहार में दलित वोटरों का इतिहास देखें तो वे कभी एकमुश्त किसी पार्टी को नहीं जाते। रविदास और पासवान जातियां प्रमुख हैं। एनडीए में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान खुद को दलितों का हितैषी बताते हैं, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि भाजपा-जदयू सरकार में दलित अत्याचार बढ़े हैं। चुनाव आयोग पर भी आरोप लग रहे हैं कि वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा हो रहा है। कई जगह जिंदा दलितों को मृत दिखाया गया है, जबकि मृतकों को जिंदा। कांग्रेस का दावा है कि यह गरीब-दलितों के वोट चुराने की साजिश है। राहुल की वोटर अधिकार यात्रा ने 23 जिलों में वोट चोरी को मुद्दा बनाया। विपक्षी पार्टियां जैसे राजद और सीपीआईएमएल भी दलितों पर फोकस कर रही हैं। सीपीआईएमएल के दीपांकर भट्टाचार्य कहते हैं कि बिहार में दलित बस्तियों में आग लगाकर बेदखली हो रही है, मजदूरों के हाथ काटे जा रहे हैं। पिछले 20 साल की सरकार में बेरोजगारी और पलायन चरम पर है। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी नए विकल्प के रूप में उभर रही है, लेकिन राहुल और तेजस्वी का भरोसा दलितों को अपनी ओर खींच रहा है। ये मुद्दे चुनाव को नया मोड़ दे सकते हैं। जहां भाजपा विकास और मोदी-योगी की छवि पर जोर दे रही है, वहीं कांग्रेस दलितों की भावनाओं को भुनाने की कोशिश में है। रायबरेली और सीजेआई घटना ने दलितों में गुस्सा भरा है, जो बिहार में वोट बन सकता है। अगर कांग्रेस सफल हुई, तो यह न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश की राजनीति को प्रभावित करेगा। अंत में, सवाल यही है- क्या संविधान और न्याय की लड़ाई चुनावी जीत दिलाएगी या विकास की बातें हावी रहेंगी? बिहार के मतदाता ही फैसला करेंगे।

# महासंकल्प रैली से मायावती की वापसी की पटकथा तैयार, 2027 की जंग का शंखनाद

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर मायावती की वापसी की दस्तक सुनाई दे रही है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती 9 अक्टूबर को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल पर विशाल महासंकल्प रैली के जरिए अपनी राजनीतिक ताकत का जोरदार प्रदर्शन करने जा रही हैं। यह रैली न केवल बसपा के संस्थापक कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है, बल्कि मायावती द्वारा पार्टी को दोबारा पटरी पर लाने और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल फूंकने का भी मंच बन गई है। को लेकर बसपा संगठन के तमाम बड़े चेहरे, जैसे आकाश आनंद, दिनेश चंद्र, घनश्याम चंद्र खरवार, नौशाद अली, विश्वनाथ पाल, भीम राजभर, गयाचरण दिनकर, शमशुद्दीन राइनी समेत ज़िला, मंडल और सेक्टर स्तर तक के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। पार्टी ने रैली में 5 लाख से अधिक लोगों को जुटाने का दावा किया है। अगर यह संख्या पूरी होती है, तो यह मायावती के लिए न केवल मनोबल बढ़ाने वाला क्षण होगा, बल्कि 2007 जैसे राजनीतिक प्रभाव की पुनरावृत्ति भी हो सकती है यह रैली इसलिए भी ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि 9 अक्टूबर कांशीराम की पुण्यतिथि है। कांशीराम, जिन्होंने बहुजन आंदोलन को एक नई दिशा दी थी, उनके विचारों को जमीन पर उतारने वाली नेता के तौर पर मायावती खुद को प्रस्तुत करती रही हैं। ऐसे में यह आयोजन कांशीराम को श्रद्धांजलि देने से कहीं आगे बढ़कर, बसपा के राजनीतिक पुनर्जीवन का रोडमैप भी पेश करेगा। मायावती ने 2007 में जिस स्थान से बहुजन वोटबैंक को एकजुट कर बहुमत की सरकार बनाई थी, उसी स्थान से अब फिर एक नए युग की शुरूआत करना चाहती हैं। तब उन्होंने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का नारा दिया था। इस बार क्या नया नारा और नया संदेश दिया जाएगा, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

रैली की तैयारियों में बसपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश के हर जिले से भीड़ जुटाने की ज़िम्मेदारी अलग-अलग नेताओं को दी गई है। जिलाध्यक्षों को लक्ष्य सौंपा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से समर्थकों को बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों के माध्यम से 8 अक्टूबर की रात तक लखनऊ पहुंचाएं। रैली स्थल पर ठहरने, खाने-पीने और सुरक्षा की व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई हैं। कांशीराम स्मारक स्थल, जिसकी क्षमता लगभग 5 लाख लोगों की है, को पार्टी नीले झंडों और 'I Love BSP' जैसे पोस्टरों से पाट चुकी है। वहीं दूसरी ओर, लखनऊ नगर निगम और पुलिस प्रशासन भी रैली को लेकर सतर्क हो गया है। यातायात व्यवस्था से लेकर सुरक्षा घेरे तक सब कुछ चाक-चौबंद किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को यह भली-भांति ज्ञात है कि इस रैली का असर राज्य की राजनीति पर पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह रैली मायावती के लिए सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि उनकी राजनीतिक वापसी का ट्रेलर है। 2012 के बाद से बसपा सत्ता से बाहर रही है, और लोकसभा चुनावों में भी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। ऐसे में अब मायावती पार्टी की खोई हुई जमीन को फिर से पाने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। मिशन-2027 मायावती के लिए सिर्फ सत्ता पाने का अवसर नहीं, बल्कि बसपा की विचारधारा को पुनर्स्थापित करने का माध्यम भी है। मायावती जानती हैं कि दलित वोटबैंक का एक बड़ा हिस्सा अब भाजपा और सपा की ओर आकर्षित हो चुका है। ऐसे में महासंकल्प रैली के जरिए वह यह संदेश देना चाहती हैं कि बसपा अभी भी मैदान में है, और दलितों-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों के हितों की असली संरक्षक वही हैं।

रैली में सबसे दिलचस्प पहलू यह होगा कि मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में दोबारा सक्रिय भूमिका की घोषणा हो सकती है। बीते कुछ महीनों से उनके हाशिए पर रहने की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन अब संगठन की ओर से जो संकेत मिल रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि युवाओं को जोड़ने के लिए पार्टी एक बार फिर आकाश को फ्रंटफुट पर लाना चाहती है। आकाश की उपस्थिति मायावती की सियासी सोच में बदलाव का प्रतीक मानी जा रही है। यह बदलाव न केवल नेतृत्व स्तर पर है, बल्कि संगठन की कार्यशैली में भी नयापन लाने की कोशिश है। मायावती इस रैली से दोहरा संदेश देना चाहती हैं पहला, अपने कोर वोटबैंक को फिर से संगठित करना; और दूसरा, भाजपा व सपा जैसे दलों को यह बताना कि बसपा को अब नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।भाजपा जहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण में व्यस्त है, वहीं सपा मुस्लिम-पिछड़ा दलित समीकरण पर काम कर रही है। ऐसे में मायावती की रणनीति है सामाजिक न्याय + कानून व्यवस्था + मजबूत नेतृत्व को एक पैकेज के रूप में पेश करना। उनका फोकस खासकर जाटव, पासी, लोध, कुशवाहा, मौर्य, मुस्लिम और अन्य वंचित वर्गों को एक मंच पर लाने पर रहेगा। इससे बसपा न सिर्फ पारंपरिक वोटों को समेटेगी, बल्कि सपा और कांग्रेस की गैर-यादव पिछड़ा और गैर-जाटव दलित रणनीति को भी चुनौती देगी। इस रैली को लेकर न केवल प्रदेश, बल्कि राष्ट्रीय मीडिया की भी खास नजर है। टीवी चैनलों पर लाइव कवरेज की तैयारी हो चुकी है और सोशल मीडिया पर पहले से ही #BSPMahasankalpRally ट्रेंड करने लगा है। मायावती का भाषण इस रैली का केंद्रबिंदु होगा, जिसमें वह आने वाले महीनों के लिए पार्टी की नीति, संगठनात्मक बदलाव और राजनीतिक गठबंधनों पर अपने इरादे जाहिर कर सकती हैं।

उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से अगर बसपा को 2027 में मजबूत प्रदर्शन करना है, तो उसे कम से कम 100+ सीटों पर सीधी टक्कर देनी होगी। 2022 में पार्टी केवल 1 सीट जीत पाई थी, जो अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। ऐसे में इस रैली के जरिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश भरना, संगठन को जीवंत करना और नए चेहरे पेश करना अनिवार्य हो गया है राजनीति के जानकार मानते हैं कि यदि बसपा इस रैली में भारी भीड़ लाने में सफल रहती है और मायावती स्पष्ट संदेश देती हैं, तो यह विपक्षी दलों की रणनीति को हिला सकता है। महासंकल्प रैली सिर्फ एक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि मायावती के लिए नई राजनीतिक पारी की शुरूआत है। यह दिखाने का समय है कि बसपा खत्म नहीं हुई, बल्कि अब और मजबूत होकर उभर रही है। कांशीराम की विरासत को लेकर चल रही इस राजनीतिक यात्रा में अब नया मोड़ आ गया है। अगर यह रैली सफल रही, तो मायावती और बसपा एक बार फिर उत्तर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में लौट सकते हैं। और अगर नहीं, तो यह आखिरी मौका भी हो सकता है।

### सूडोकु नवताल- 7576

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7575 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# भारतीय वायुसेना : साहस, समर्पण और शक्ति का संगम

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर वायुसेना अपनी शक्ति, शौर्य और तकनीकी उत्कृष्टता का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस मौके पर आयोजित भव्य एयर शो भारतीय वायुसेना की क्षमताओं और सामर्थ्य का प्रतीक बन जाता है। आसमान में वायुवीरों के करतब, फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर्स के समकालिक युद्धाभ्यास को देखकर हर दर्शक रोमांच और गर्व से भर उठता है। वायुसेना के बेड़े में शामिल राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स भारतीय आकाश को सुरक्षित रखने की अभेद्य शक्ति प्रदान करते हैं। वहीं, सारंग जैसे हेलीकॉप्टरों के शो स्टंट्स, प्रचंड और ध्रुव जैसे लाइट और एडवांस्ड हेलीकॉप्टर्स, सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक और जगुआर जैसी भारी मशीनें वायुसेना की बहुपक्षीय क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। इन एयरक्राफ्ट की उच्च तकनीकी क्षमताएं न केवल देश की सुरक्षा की गारंटी हैं बल्कि इसे वैश्विक मंच पर सम्मान और प्रतिष्ठा भी दिलाती हैं।

भारतीय वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं है बल्कि युवाओं को इस गौरवशाली सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। एयर शो के माध्यम से युवा पीढ़ी वायुसेना की चुनौतीपूर्ण, साहसिक और सम्मानजनक भूमिका के बारे में जानती है और उनके मन में देश सेवा के प्रति उत्साह जागृत होता है। आज भारतीय वायुसेना न केवल सीमा रक्षा में सक्षम है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता देने में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। यह स्थापना दिवस भारतीय वायुसेना की समर्पित सेवा, साहस और तकनीकी दक्षता का उत्सव है, जो हमें यह याद दिलाता है कि भारत के आकाश में स्वतंत्रता, सुरक्षा और गौरव का सूर्य सदैव चमकता रहेगा।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं।

भारत के मुकाबले चीन के पास भले दोगुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था- रॉयल इंडियन एयरफोर्स। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। रॉयल इंडियन एयरफोर्स की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और साल 1950 में रॉयल इंडियन एयरफोर्स का नाम बदलकर इंडियन एयरफोर्स कर दिया गया।

## दैनिक पंचांग

**8 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.38 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृश्चिक | 08.53 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.09 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.14 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.01 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.33 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.42 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.56 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | सिंह | 02.12 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.24 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 281 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 02.23 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 22.45 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 01.33 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.09 बजे तदनन्तर गर 02.23 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 54'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872491
**जूलियन दिन** 2460956.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### शिविर में हुई जांच में 22 बच्चों में फ्लोरोसिस की पुष्टि

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, डॉ तुलिका रानी, जिला नोडल पदाधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में मध्य विद्यालय, सिरका में जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। शिविर में कुल 135 बच्चों की जांच डॉक्टर पल्लवी कौशल और लता कच्छप ने की। जांच के बाद कुल 34 बच्चों में लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन ने जांच के बाद 22 बच्चों में इस बिमारी की पुष्टि की। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों और स्कुल के कर्मियों को दी गई। डॉक्टर पल्लवी कौशल ने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती है। साथ ही सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, खट्टे फल जैसे- संतरा, निबू, आंवला और दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी। इससे शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नहीं होता है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में कोई भी अपने पीने के पानी और पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच नि:शुल्क करा सकता है।

### बीमार युवक को समिति ने किया आर्थिक सहयोग

**रामगढ़ :** ज्ञान महिला समिति ने मंगलवार को कुम्हार टोला निवासी कलावती देवी के पुत्र राहुल कुमार को आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान युवा समाजसेवी दिव्या कुमारी के हाथों चार हजार रुपये का सहयोग दिया। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि युवा समाजसेवी दिव्या कुमारी से जानकारी मिली कि किराए के मकान में रह रहे कलावती देवी के पुत्र राहुल कुमार काफी दिनों से बीमार हैं और उनके इलाज के लिए मदद की जरूरत है। समाजसेवी तिलक बहादुर, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, हजारीबाग के समाजसेवी आशीष जायसवाल, भारत विकास परिषद के सचिव मनमोहन सिंह लांबा ने राहुल कुमार के बेहतर इलाज के लिए चार हजार रुपये का सहयोग दिया। मौके पर दिव्या कुमारी ने कहा कि जिस विश्वास से जिले के समाजसेवी ने सहयोग किया है। इस विश्वास के साथ राहुल कुमार के परिजनों को सहयोग किया गया।

### डीएवी के छात्रों ने राज्यस्तरीय कला उत्सव में मचाया धमाल

**रामगढ़ :** राज्यस्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र अभिषेक जॉर्ज, प्रणव भारती, प्रसिद्धि झा और रिद्धिमा ने समूह नाटक ग्रुप ड्रामा श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया ।विद्यालय परिवार ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत अनुशासन और रचनात्मकता के बल पर यह सफलता अर्जित की है। यह उपलब्धि डीएवी बरकाकाना की उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा का प्रमाण है। इसके लिए वे टीम के सदस्यों को बधाई देते हैं।

# डीसी ने राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** राष्ट्रीय पोषण माह दिनांक 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया बनाया जा रहा है जिसका लक्ष्य कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना है। इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को उपयुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर ग्रामीण व आम जनों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्य सहित पोषण संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखों से जागरूकता रथ के रोस्टर आदि की जानकारी ली एवं जागरूकता रथ के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे। इस वर्ष पोषन माह का थीम- 1, मोटापा कम करना - चीनी, नमक तेल का कम सेवन। 2, प्रारंभक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा - पोषण भी पढ़ाई भी, वृद्धि निगरानी, शिशु और छोटे बच्चों को खिलाने की पद्धतियों। 3 एक पेड मां के नाम। 4 पोषन में पुरुषों को मुख्यधारा में शामिल करना। 5 Local for vocal के के तहत, रोज के खाने में स्थानीय भोजन को बढावा देना। पूरे माह तक चलने वाले इस अभियान में विभिन कार्यक्रमों के माध्यम से पौष्टिक आहार के सेवन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा।

## झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर सभी सीओ के साथ डालसा की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से मंगलवार को जिले के सभी अंचलाधिकारियों एवं नगर परिषद प्रशासकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिलों से नदी,तालाब,नाला,डैम आदि जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मांगी है। इसी क्रम में यह समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में अंचलाधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में किसी भी प्राकृतिक जलस्त्रोत जैसे कि नदियों, तालाबों, नालों या डैम पर अतिक्रमण नहीं हुआ है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से इन क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का सतत प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इन स्थलों पर कचरा डंप करने जैसी गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा रही है। प्रधान जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलस्त्रोतों के सौंदर्यीकरण हेतु ठोस पहल की जाए,ताकि इनका महत्व और उपयोगिता बनी रहे। साथ ही सभी स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाकर जनजागरूकता बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया। इसके अलावा सभी पारा लीगल वॉलंटियर्स को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर जागरूक करने और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की सूचना प्राधिकार को देने का निर्देश दिया गया। बैठक का समापन प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## कैंटीन मजदूरों ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन अनुदान व गैस आपूर्ति बहाल करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकाकाना :** केंद्रीय कार्यशाला बरकाकाना में सीसीएल द्वारा गैस आपूर्ति बंद कर दिए जाने के बाद कैंटीन में कार्यरत मजदूरों ने सीसीएल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने कहा किन 1973 से कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। एनसीडीसी एम्पलाई कैंटीन को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड बरकाकाना का पंजीकरण भी कराया गया है। कैंटीन में कार्यरत मजदूरों द्वारा वर्ष 1973 पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वाह करते हुए सीसीएल में कार्यरत सभी मजदूरों को समय पर चाय व नाश्ता उपलब्ध करवा रहा है। कैंटीन को संचालन किया जाने को लेकर सीसीएल द्वारा 95 हजार प्रतिमाह अनुदान दिया जाता था। जिसे सीसीएल द्वारा बंद कर दिया गया है। मजदूरों के अथक प्रयास से सीसीएल प्रबंधन द्वारा जुलाई 2022 से जुलाई 2024 तक का अनुदान राशि 23 लाख 75 हजार दिया गया। इसके बाद से अनुदान की राशि बंद कर दी गई है। इसके साथ ही अब सीसीएल द्वारा गैस आपूर्ति भी बंद कर दिया गया है। जिस कारण कैंटीन बंद कर दिया गया है। एसओपी (पर्सनल) द्वारा कैंटीन को निजी हाथों में सौंपने की बात कही गई है। सीसीएल द्वारा कैंटीन कुंजी हाथों में सौपे जाने के बाद वर्ष 1973 से लगातार कैंटीन में अपना योगदान कर रहे मजदूरों के सामने भूखो मरने की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। कैंटीन को निजी हाथों में सौपे जाने से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था करने की भी बात कही गई है। मजदूरों द्वारा शिष्य प्रबंधन से मिलने वाले अनुदान राशि को पुन शुरू किए जाने की मांग किया गया। मजदूरों द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी से भी न्याय दिलाने की मांग की गई है।

## विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी तीन दिवसीय प्रार्थना सभा में हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** ठेठईटांगर आत्मिक जागृति तीन दिवसीय प्रार्थना सभा के दूसरे दिन आज कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी कार्यक्रम में भाग लेकर मसीही विश्वासीयों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्य को जानोगे तो सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा, साथ ही उन्होंने ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और पारस्परिक सदभाव को सुदृढ़ करते हैं, ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिससे कि समाज समुदाय, मंडली ,कलिसिया ईश्वर के नजदीक आए, तीन दिवसीय कार्मिक जागृति सभा में मुख्य रूप से रेव्ह शैलेश पौल मिंज जमशेदपुर झारखंड एवं रेव्ह जयकांत बड़ाईक सिमडेगा झारखंड के वक्ताओं ने प्रभु के वचनों को लोगों के बीच प्रचार किए, साथ ही बीमारियों के लिए प्रार्थना किया गया, युवाओं के लिए विशेष प्रार्थना किया एवं अंत के दिनों के लिए विशेष वचन का प्रचार किया गया प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए। आयोजन समिति ने विधायक का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भजन, ध्यान और सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम कल समापन प्रार्थना के साथ संपन्न होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अनिल कच्छप, मुकुल, आनन्द बिलुंग, आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में असुन्ता सोरेंग, कोमोलिना सुरिन, दिब्या, सरिता डुंगडुंग, बरदानी केरकेट्टा,ललीता बघवार, आश्रिता केरकेट्टा ,सुमिरा समद, अलका कच्छप, नीलमणी मिंज साथ ही स्थानीय मंडलियों का योगदान रहा।

## हत्या के आरोपी पिता को पुलिस ने भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू से सटे गढवा के मेराल थाना के औरइया गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेटी और उसके नवजात के हत्या के आरोपित पिता अनिल चौधरी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। बता दें कि आरोपित के नाबालिग बेटी के प्रेमी ने अपनी पत्नी और नवजात शिशु की हत्या कर शव को छुपाने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। पलामू के रक्साहा गांव के 24 वर्षीय रूपन चौधरी रमेश चौधरी की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि तीन अक्टूबर को मोबाइल पर औरइया से उसको सूचना मिली की उसकी पत्नी राधिका एवं उससे जन्मे नवजात को अनिल चौधरी की ओर से हत्या कर शव को छुपा दिया गया है। आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए अनिल चौधरी को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने हत्या करने का गुनाह कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर सोमवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में जमीन की खुदाई कर दोनों शव को पुलिस ने बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया था। इस संबंध में अनिल चौधरी के खिलाफ मेराल थाना में भादवि की धारा 302, 238 और 140 एक के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महर्षि वाल्मीकि एक जाति के नहीं, बल्कि सारे हिन्दू समाज के श्रद्धा केन्द्र हैं : मनोज पोद्दार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला कार्यालय में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुलेश सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोग आमंत्रित थे। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर एक-एक कर सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के पहले कवि हैं। महर्षि वाल्मीकि 64 विद्या के ज्ञाता तथा श्रेष्ठ कुलोत्पन्न थे। रामायण महाकाव्य के वे रचनाकार हैं। रामायण के कारण ही भगवान श्रीराम के उदात्त, प्रेरक चरित्र की जानकारी हम सभी को प्राप्त हुई। सारे विश्व में रामायण का असीम, अमिट प्रभाव है। महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सीता माता रहीं। वही लव-कुश का जन्म हुआ। उन्हें संस्कारित, प्रशिक्षित करने का कार्य महर्षि वाल्मीकि ने किया। लव कुश श्रीराम की सारी सेना को परास्त किया। वहीं प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा महर्षि वाल्मीकि एक जाति के नहीं, बल्कि सारे हिन्दू समाज के श्रद्धा केन्द्र हैं। विहिप हिन्दू समाज को संगठित करने का काम करती है। सभी प्रकार के जातिगत भेदभाव, उच्च-नीचता, अस्पृश्यता मिटाने के लिए परिषद प्रयत्न करती है। भारत में पहले केवल चार वर्ण थे और कोई भेदभाव नहीं था। अस्पृश्यता की बीमारी तो इस्लाम के आक्रमण के बाद बढ़ गई है। आक्रांताओं ने पराभूत हिन्दुओं को पकड़कर कहा, या तो इस्लाम स्वीकार करो या हमारे घर का मैला उठाओ। कुछ लोगों ने मैला उठाने का कार्य स्वीकार किया परन्तु अपना धर्म नहीं बदला। आज हम उन्हे वाल्मीकि कहते हैं। आगे जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुलेश सिंह ने कहा कि वाल्मीकि समाज के गोत्र- राठौड़, चौहान, परमार, सोलंकी आदि हैं। यही गोत्र राजपूत क्षत्रियों के हैं। अनुसूचित जातियां और जनजातियां हमारे स्वतंत्रता सेनानी है। यह जातियां धर्म और देश के लिए लड़ी। उन्होंने अस्पृश्यता को स्वीकार किया परन्तु अपना धर्म नहीं बदला। ये सारे धर्मयोद्धा हैं। समाज में सामाजिक समरसता आनी चाहिए, सभी भेदभाव, उच्च-नीचता समाप्त होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला मंत्री छोटू वर्मा, जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह, बिरजू गोयनका,विनय शर्मा, पिंकी देवी, चंपा सिंह, दिव्या कुमारी, बसंती देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, मंजू देवी, रागिनी देवी सहित अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसजेंडर समूह को मुख्यधारा से जोड़ने बड़ी पहल उपायुक्त ने हिमांशी को सौंपा नियुक्ति पत्र



**रामगढ़ :** ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने एवं उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने के तहत बड़ी पहल की गई है। जिसके तहत उपायुक्त द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बाह्यश्रोत से प्रतिनियुक्त ट्रांसजेंडर हिमांशी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। ट्रांसजेंडर हिमांशी को जिला समाहरणालय में आदेश पाल के पद पर कार्य करने हेतु बाह्यश्रोत के माध्यम से प्रतिनियुक्त किया गया है। गौरतलब होकि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह का भी निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर उप विकास संयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, ट्रांसजेंडर समूह के लोगों सहित अन्य उपस्थित थे।

### विशेष दीवान और लंगर के साथ रामगढ़ में गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव

**रामगढ़ :** गुरुद्वारा साहिब में साहब श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव बड़े ही धूमधाम से कल मनाया जाएगा। सुबह का दीवान की समाप्ति 9:00 बजे होगी इसके बाद चाय नाश्ते का लंगर बांटा जाएगा। शाम को 6:30 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। इसमें साथ संगत के द्वारा कीर्तन, कथा, अरदास, सुखासन, रामगढ़ दी समूह साध संगत दे द्वारा होगा। इस दीवान की समाप्ति रात को 9:30 बजे होगा जिसके उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरतेगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान ने सभी सतसंगत को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### कोडरमा में जल निकायों पर अतिक्रमण रोकने के लिए हुई समीक्षा बैठक

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला न्याय सदन स्थित सभागार में कोडरमा जिले के सभी अंचलाधिकारियो की उपस्थिति में जल भंडार, नदी, तालाब जल निकाय आदि पर अतिक्रमण ले सम्बंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने की उल्लेखनीय है की माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची के द्वारा रिट पिटीशन, (पी आई एल) नंबर 1463/2020 में पारित आदेश में दिए गए निर्देश के अनुपालन में जल निकायों में किये गए अतिक्रमण को चिन्हित कर उसपर किये जा रहे कार्रवाई के सम्बन्ध में अद्यतन प्रतिवेदन दिए जाने को लेकर यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव गौतम कुमार ने सभी अंचल अधिकारियो को कोडरमा जिले के अंतर्गत आवास्थित तालाब एवं डैम का लोकेशन आधारित समेकित प्रतिवेदन तथा जल भंडार नदी तालाब जल निकाय आदि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए हाल में किये गए कार्रवाई से सम्बंधित प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस सम्बन्ध में उपस्थित अंचलाधिकारियो एवं नगर प्रशासक से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन का क्रमबद्ध अवलोकन किया गया। इसके अलावा सचिव के द्वारा जल स्रोत व जल भंडार आदि का किसी भी परिस्थिति में अतिक्रमण ना हो यह सुनिश्चित करने साथ ही क्षेत्रफल के अनुरूप जल भंडार जल श्रोत नदी तालाब डैम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तत्परता के साथ सभी आवश्यक कार्यवाई सम्पादित कराने के लिए निर्देशित किया गया । मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, जयनगर के अंचलाधिकारी सारांश जैन, डोमचांच के अंचलाधिकारी रबिन्द्र कुमार पाण्डेय, चंदवारा के अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती, कोडरमा के अंचल निरीक्षक राज कुमार राम, तिलैया के सिटी मैनेजर रंधीर कुमार वर्मा, मरकच्चो के राजस्व कर्मचारी सुमित कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सतगावां प्रखंड में सहकारिता, मनरेगा, आवास एवं 15वें वित्त को लेकर बैठक संपन्न




**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ओम प्रकाश बड़ाईक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहकारिता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पैक्स अध्यक्षों ने भाग लिया। बीडीओ बड़ाईक ने बैठक के दौरान कहा कि पैक्स संस्थाएं ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की आधारशिला हैं, इसलिए इनके कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने पैक्स संचालन, साफ-सफाई, स्टॉक मेंटेनेंस, धान अधिप्राप्ति एवं लेखा-जोखा के रख-रखाव पर विशेष बल दिया। बीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक पैक्स अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके केंद्र में सभी सरकारी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन हो और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुँचना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए पैक्स एवं पंचायत स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। इस अवसर पर बीसीओ अनिल कुमार, सभी पैक्स अध्यक्ष, सहकारिता विभाग के कर्मी एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

### नि:शुल्क सात दिवसीय योग शिविर की शुरूआत, 12 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम

**बोकारो :** पतंजलि योग समिति जैनामोड़ की ओर से मंगलवार को शिक्षक कॉलोनी स्थित प्रजापति धर्मशाला में नि:शुल्क सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 12 अक्टूबर तक चलेगा ।इस अवसर पर गिरधारी महतो, के.के. प्रजापति, वीरेन्द्र प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता आयोजन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। शिविर के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, सही खानपान और दिनचर्या से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी जा रही है ।आयोजकों ने बताया कि योग शरीर को निरोग रखने का सबसे सरल और असरदार उपाय है। नियमित योगाभ्यास से न केवल मांसपेशियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है बल्कि गंभीर बीमारियों से भी बचाव संभव है।

एक नजर

## पल्स पोलियो कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**साहिबगंज:** जिला में आगामी 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान को लेकर मंगलवार को टीकाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां शहरी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार व डब्ल्यूएचओ मॉनिटर निमाय के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पल्स पोलियो कर्मियों को बताया गया कि अभियान के दौरान एक भी घर, गली, मोहल्ला और बच्चा ना छूटे इसका खास ध्यान रखना है। फॉल्स पीना ना हो इसे लेकर भी हिदायत दी गई। अभियान के दौरान घरों आदि में चिन्ह लगने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## मोगलपाड़ा में बंद घर में हुई चोरी जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोगलपाड़ा गांव में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर नगदी एवं जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर गृहस्वामिनी डोली कुमारी (पति चेतन रजक) ने बरहरवा थाने में लिखित शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने पैतृक निवास स्थान से कुछ दूरी पर एक नया घर बनवाया है। नए घर में सुबह पूजा करने के लिए जाते हैं, लेकिन रात में कोई नहीं सोता है। बीते सोमवार की रात्रि वहां कोई मौजूद नहीं था। मंगलवार की सुबह जब वे वहां पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर रखे बक्से का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद उन्होंने खोजबीन की, जिसमें तीन जोड़ी चांदी के पायल, पांच आना के कान के झुमके, बर्तन एवं नगद 15 हजार रुपये गायब पाए गए। बाद में देखा कि छत की ओर आने वाले रास्ते का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके थे। इस मामले को लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और पुलिस छानबीन कर रही है।

## छापामारी अभियान के तहत रेलवे पुलिस ने अवैध देशी शराब किया बरामद



**कोडरमा :** मंगलवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष धनबाद से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी सं0 12801 अप पुरूषोतम एक्सप्रेस में इंजन से दूसरे जनरल कोच में एक लाल ट्राली बैग लावारिस हालत में पड़ा हुआ है कृप्या अटेंड करें। सूचना प्राप्ति पश्चात उक्त गाड़ी के कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 04 पर आगमन के उपरांत सहायक उप निरीक्षक/ओम प्रकाश सिंह साथ महिला आरक्षी/नीतू कुमारी दोनो रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य उक्त गाड़ी में इंजन से दूसरे जनरल बोगी को चेक किया गया तो एक लाल रंग का ट्राली बैग लावारिस हालत में पाया गया, जिसे ऑन ड्यूटी टीटीई/राकेश कुमार/गोमो के द्वारा सुपुर्द किया गया। उक्त ट्राली बैग के बाबत आसपास बैठे यात्रियों से पुछा गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उसपर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा शंका के आधार पर उक्त ट्राली बैग को खोलकर चेक किया गया तो उसमें रखा हुआ (i) 100 देशी शराब जिसमें प्रत्येक की क्षमता 300 मिली0 और कीमत 55/- रुपए अंकित पाया गया, बरामद हुआ। जिसके साथ मौके पर ही सहायक उप निरीक्षक/ओम प्रकाश सिंह, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा ऑन ड्यूटी टीटीई के समक्ष सभी शराब को समय 13:20 बजे जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया।

# साहिबगंज के बोरियो प्रखंड में जनता दरबार-सह-परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बोरियो प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार-सह-परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनन्जय सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ गौतम भगत, अपर समाहर्ता, साहिबगंज भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक द्वारा आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। उपस्थित नागरिकों ने विभिन्न




जनसमस्याओं को साझा किया, जिस पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से: अबुआ आवास योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को आवास संबंधी दस्तावेज सौंपे गए। पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। नव चयनित सेविका एवं सहायिका को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मनरेगा के तहत परिसंपत्तियों का वितरण कर लाभार्थियों को सशक्त किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस के तहत आजीविका सखी मंडल को 28 लाख का चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता, जनप्रतिनिधि, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे। इस प्रकार के आयोजन न केवल शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं, बल्कि पारदर्शिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होते हैं।

## आरपीएफ ने आठ नाबालिग बच्चों को तस्करी से बचाया, एक मानव तस्कर गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा मंडल, पूर्व रेलवे के साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट की टीम ने आज सुबह लगभग 05:00 बजे साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर "ऑपरेशन ए.ए.एच.टी." के तहत एक महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए आठ नाबालिग बच्चों को तस्करी से बचाया तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया।नियमित जांच के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने स्टेशन के पोर्टिको क्षेत्र में कुछ बच्चों के समूह को चुपचाप बैठे देखा। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें दिल्ली घरेलू कार्य के लिए ले जाया जा रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति चम्बरा पहाडिया उम्र 23 वर्ष, जिला पाकुड़, की पहचान हुई जो बच्चों को दिल्ली ले जाने वाले के रूप में हुई।पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बच्चों को दिल्ली काम कराने ले जा रहा था और बदले में नियोक्ताओं से कमीशन प्राप्त करता है। बचाए गए बच्चों एवं पकड़े गए आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपी/साहिबगंज को सौंप दिया गया। साथ ही, बच्चों की देखभाल एवं पुनर्वास के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ आरंभ की गईं। यह सफल अभियान मालदा मंडल की आरपीएफ की सतर्कता और मानव तस्करी के विरुद्ध उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे नाबालिग बच्चों को शोषण से बचाया जा सका।

## दलमा की शान 'रजनी' का मनाया गया 16वां जन्मदिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी की पहचान बन चुकी मादा हाथी रजनी का 16वां जन्मदिन मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर वन विभाग की ओर से स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे माहौल में उत्सव का रंग दिखाई दिया और हर कोई रजनी को शुभकामनाएं देने पहुंचा। करीब 13 वर्ष पहले दलमा के जंगलों में झुंड से बिछड़ने और घायल अवस्था में पाए जाने के बाद वन विभाग की टीम ने इस मादा हाथी को रेस्क्यू किया था। उस समय विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों ने अथक प्रयास कर उसका इलाज किया और उसे दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में सुरक्षित रखा। धीरे-धीरे प्यार और देखभाल से वह पूरी तरह स्वस्थ हुई और सभी की



चहेती बन गई। विभाग ने उसका नाम रजनी रखा।

आज रजनी न केवल दलमा की शान बन चुकी है, बल्कि हर आने वाले पर्यटक के आकर्षण का केंद्र भी है। मालूकोचा क्षेत्र में बने उसके स्थायी आवास पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग उसे देखने पहुंचते हैं। मंगलवार को उसके जन्मदिन के अवसर पर वन विभाग की ओर से 16 पाउंड का केक तैयार करवाया गया, जिसे काटकर बच्चों के बीच वितरित किया गया। रजनी भी इस मौके पर उत्साहित दिखी और बच्चों के साथ खेलते हुए खुशी का इजहार करती नजर आई। इस अवसर पर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी मौजूद रहीं। उन्होंने रजनी को दलमा परिवार का अभिन्न हिस्सा बताते हुए उसकी दीर्घायु की कामना की। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रजनी के संरक्षण और देखभाल में वन विभाग की भूमिका सराहनीय एवं अनुकरणीय है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है।

## साहिबगंज में 71वां वन्यजीव सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला में 71वें वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर साहिबगंज वन प्रमंडल द्वारा जैव विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण स्थलों डॉलफि न प्रकृति परिचय केंद्र साहिबगंज व उधवा पक्षी अभयारण्य में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डॉलफि न एनआईसी साहिबगंज में सेंट जेवियर्स स्कूल, साहिबगंज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने बच्चों को गंगा डॉलफि न के महत्व, उसके संरक्षण की आवश्यकता तथा गंगा नदी के पारिस्थितिक संतुलन में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डॉलफि न नदी की स्वच्छता और स्वास्थ्य का प्रतीक है, इसलिए इसका संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे अमित मिश्रा एवं वनरक्षी इंद्रजीत कुमार व अंकित झा ने बच्चों को गंगा डॉलफि न, गंगा नदी की जैव विविधता तथा प्रकृति संरक्षण से संबंधित रोचक जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी कड़ी में उधवा पक्षी अभयारण्य में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सेंट जेवियर्स स्कूल, तीनपहाड़ के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यहाँ बर्ड वॉक का आयोजन किया गया, जिसका संचालन बर्ड एक्सपर्ट अभिनाश, दशरथ ठाकुर तथा वनरक्षी अखिलेश मरांडी द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को पक्षियों की पहचान, उनकी जीवनशैली एवं हमारे इकोसिस्टम और जैव विविधता में पक्षियों की अहम भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

## आरपीएफ ने बरहरवा स्टेशन पर खोया बैग यात्रियों को सुरक्षित लौटाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा मालदा रेल मंडल के बाकुडी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आरपीएफ बरहरवा ने एक पिट्ठू बैग बरामद किया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार के अनुसार, गश्ती के दौरान आरपीएफ जवानों को स्टेशन के अंत में यात्री शेड के पास यह बैग मिला। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी बैग का दावा नहीं किया। ड्यूटी पर तैनात अनिल साहा बैग को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा ले गए। इस बीच एक मोबाइल कंपनी में तकनीशियन आनंद सिंह (21) बैग की तलाश में आरपीएफ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे काम के सिलसिले में बाकुड़ी आये थे और साहिबगंज जाने के दौरान गलती से बैग स्टेशन पर ही छूट गया। बैग में 23 हजार रुपये का और 10 हजार रुपये के दो मोबाइल फोन, पंपलेट, आइडी कार्ड, वोटर कार्ड और ग्लास थे। सत्यापन के बाद, आरपीएफ ने बैग और उसमें मौजूद सभी सामान आनंद सिंह को सुरक्षित सौंप दिया। आनंद सिंह ने आरपीएफ का आभार व्यक्त किया। मौके पर एएसआई जेके दुबे, कांस्टेबल अनिल साहा, अजय कुमार, एनके यादव आदि मौजूद थे।

# मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में महर्षि वाल्मीकि एवं मीराबाई जयंती समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच/कोडरमा :** डोमचांच नगर क्षेत्र अंतर्गत मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच के प्रांगण में महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं मीराबाई जयंती का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में भक्ति रस, संस्कृति और प्रेरणा की अद्भुत छटा बिखरी हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका हृदय जीत लिया। भजन, समूहगीत, प्रेरणादायक भाषण, कविताएँ के माध्यम से उन्होंने महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई के जीवन संदेशों को सजीव रूप में




प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन से यह प्रेरणा ली कि सच्चे संकल्प, आत्मचिंतन और कर्मनिष्ठा से अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ा जा सकता है। वहीं मीराबाई की अद्भुत भक्ति और ईश्वर के प्रति निस्वार्थ प्रेम ने यह संदेश दिया कि भक्ति में ही जीवन की सच्ची शक्ति और शांति निहित है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक आर. पी. पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि -महर्षि वाल्मीकि का जीवन मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि कोई भी व्यक्ति यदि मन से परिवर्तन चाहता है तो वह जीवन की दिशा बदल सकता है। विद्यालय के निदेशक राजनिश शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा-मीराबाई ने अपने अटूट विश्वास और असीम प्रेम से यह दिखाया कि सच्ची भक्ति हर बंधन को तोड़ सकती है। हमें उनके जीवन से निष्ठा, साहस और त्याग की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। सभी ने दोनों संत महापुरुषों के उपदेशों और आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

## अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सिविल सर्जन के द्वारा मच्छरदानी का हुआ वितरण



**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 7 अक्टूबर 2025 को डॉ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के आयुष्मान आरोग्य मंदिर रानीबथान के अंतर्गत मलेरिया से प्रभावित अति दुर्गम पहाड़ी गांव धापानी पहाड़, दावले पहाड़, दुले पहाड़, बिशनपुर एवं धुलयानी में ग्रामीणों के बीच दवा युक्त मच्छरदानी वितरण की शुरूवात की गई। जिसमे सत्ती बाबू डबडा जिला वीबीडी सलाहकार के द्वारा दवा युक्त मच्छरदानी को कैसे प्रयोग करना है इसकी पूरी जानकारी प्रैक्टिकल करके बताया गया। इसके साथ ही उक्त गाँवों में स्वास्थ्य शिविर, घर -घर फीवर सर्वे करते हुए सभी बुखार पीड़ित मरीजों का मलेरिया जांच किया गया एवं दवा दी गई। साथ ही सभी तरह के स्वास्थ्य जाँच एवं स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीणों को प्रदान किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में 199 लोगों का स्वास्थ्य जाँच की गई एवं दवा बितरण भी किया गया। सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने घर के आस-पास, साफ-सफाई रखने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर ठंडा कर पीने, किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने गाँव की सहिया, एमपीडब्ल्यू एवं एएनएम से संपर्क कर खून की जाँच करवाने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़ -फुक ओझा गुनी जड़ी-बूटी के चकर में ना पड़ने की सलाह दिए। इस मौके पर डॉ० जयजय कुमार, मनोहर पंडित एमटीएस, मुरारी लाल गोंड़ एमपीडब्ल्यू, विनोद कुमार सिंह एमपीडब्ल्यू, शशि शेखर शर्मा एमपीडब्ल्यू, मो० जहांगीर दौला एमपीडब्ल्यू, सपना कुमारी एएनएम, मुन्ना ठाकुर एमटीडब्ल्यू, शान्तिलता मैडया सहिया साथी, चांदी पहाड़ीन सहिया, राखी मैडया सहिया आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## बोरियो में गैरेज में लगी भीषण आग, नौ बाइकें जलकर राख



**साहिबगंज:** जिला के बोरियो संथाली मोड़ के समीप बीती रात एक बाइक गैरेज में भीषण आग लग गयी। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। मिली जानकारी के अनुसार भाई-भाई बाइक गैरेज में देर रात अचानक आग लग गयी। आग लगते ही अफरातफरी मच गयी। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते गैरेज धू-धू कर जलने लगा। लोगों की भीड़ ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीड़ित टुनटुन कुमार राय ने बताया कि हर रोज की तरह गैरेज में काम करने के बाद रात को गैरेज बंद कर वे अपने घर चले गए। कुछ देर बाद ही फोन पर सूचना मिली कि गैरेज में भीषण आग लग गयी है। गैरेज के अंदर नौ बाइक थीं जो लोगों ने सर्विसिंग के लिए दी थीं। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोहित कुमार, एएसआइ देव नारायण साहू, सुधीर तिवारी, प्रभा शंकर दुबे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गैरेज पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। इधर घटनास्थल पर दमकल विलंब से पहुंचने पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने बोरियो-बोआरीजोर मुख्य मार्ग को आधे घंटे तक बांस-बल्ला लगाकर जाम कर दिया। बाद में पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। अग्निपीड़ित ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## मालदा डिवीजन के साहिबगंज में स्वच्छ पत्री सफाई अभियान चलाया गया



**साहिबगंज:** भारतीय रेलवे में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2025 तक मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा और 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान 5.0 के तहत पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन ने स्वच्छता बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए रेलवे पटरियों और आसपास के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए गहन सफाई अभियान चलाया है। अभियान के सातवें दिन, मंडल ने ३स्वच्छ पटरियाँ३ अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य रेलवे पटरियों और स्टेशन के आस-पास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करना था। पटरियों के किनारे कूड़ा-कचरा और खुले में शौच को रोकने पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अवांछित झाड़ियों और घास को हटाने पर भी जोर दिया गया। साहिबगंज, बरहरवा, स्टेशनों सहित प्रमुख स्टेशनों पर सफाई अभियान और जागरूकता अभियान चलाए गए। अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विसेज (ओबीएचएस) के कर्मचारियों की टीम ने स्टेशन परिसर से सटे रेलवे ट्रैक से कूड़ा उठाने और सफाई अभियान में भाग लिया। इन स्थानों पर यात्रियों और स्थानीय समुदायों को खुले में शौच और रेलवे पटरियों के पास कचरे के अनुचित निपटान के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए गए, जिससे जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा मिला। मालदा मंडल स्वच्छता पखवाड़ा और विशेष अभियान 5.0 के उद्देश्यों में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर वातावरण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।

## सीएनजी ऑटो व टोटो की टक्कर में चार बच्चे गंभीर रूप से जख्मी



**साहिबगंज:** जिला के राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा-राधानगर मुख्य पथ स्थित भुदेव मंडल टोला जियो ऑफिस के निकट सोमवार की देर शाम सीएनजी ऑटो और टोटो में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। इस घटना में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक बच्ची की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी घायल बच्चे राजमहल थाना क्षेत्र के दाहुटोला पंचायत के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थाना क्षेत्र के इंग्लिश बाजार से एक टोटो में कई यात्री सवार होकर उधवा की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में जियो ऑफिस के सामने विपरीत दिशा से आ रही एक सीएनजी ऑटो अनियंत्रित होकर टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टोटो क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी। घटना के बाद सीएनजी ऑटो चालक वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर राधानगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक सुनील मेहता एवं सरफुद्दीन खान दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

# पटना वासियों को मिल गई मेट्रो ट्रेन की सौगात





**पटना।** वासियों के लिए आज बड़ा दिन है। कई साल का इंतजार खत्म हो गया रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह पौने 12 बजे पटना मेट्रो के पहले फेज की सेवा का शुभारंभ कर दिया। पाटलिपुत्र बस टर्मिनल डिपो के पास बने मेट्रो स्टेशन से वह भूतनाथ से न्यू आईएसबीटी तक पहले फेज की मेट्रो के परिचालन का शुभारंभ किया। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरएल) ने परिचालन की अंतिम तैयारी पूरी कर ली है। इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे। मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगाए गए हैं। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग पहले ही प्रायरिटी कॉरिडोर के तीन स्टेशनों पर मेट्रो के परिचालन को हरी झंडी दे चुके थे पटना मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने सिग्नलिंग सिस्टम, पटरियों की मजबूती, ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की गहन जांच की है। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद मेट्रो को परिचालन के लिए मंजूरी दी गई। शुरूआत में मेट्रो की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। आईएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये होगा। वहीं न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रुपये निर्धारित किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये होगा। पहले चरण में आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ रोड तक मेट्रो चलेगी। फिलहाल इसका परिचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध होगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए प्रत्येक ट्रेन में 12-12 सीटें आरक्षित होंगी। मेट्रो कोच में मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा भी होगी। प्रत्येक कोच में सभी दरवाजों के पास एक लाल रंग का पैनिक बटन दिया गया है। कोच के अंदर डिस्प्ले बोर्ड पर अगले स्टेशन की जानकारी और घोषणाएं लगातार चलती रहेंगी। वहीं यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मेट्रो कोच में 360-डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपात स्थिति के लिए दो इमरजेंसी बटन और माइक्रोफोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आपात स्थिति में बटन दबाने पर यात्री सीधे मेट्रो रेल के ड्राइवर से बात कर सकेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। प्रत्येक कोच में कुल 138 सीटें हैं और उसमें 945 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते है। पटना मेट्रो की सुरक्षा बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस (बीएसएपी) के जवान संभालेंगे। बीएसएपी के जवान मेट्रो पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफार्म तक इनकी तैनाती होगी।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को ही बेली रोड पर मेट्रो के भूमिगत खंड के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। यह भूमिगत खंड मेट्रो परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शहर के व्यस्त इलाकों में मेट्रो के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत कुल छह भूमिगत स्टेशनों के लिए 9.35 किमी की सुरंग की आधारशिला रखेंगे। इस कॉरिडोर में पटना जंक्शन से रुकनपुरा और मीठापुर तक 9.35 किमी लंबी सुरंग शामिल है, जिस पर कुल 2,565.80 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इसका निर्माण कार्य अगले 42 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण के फेज वन में रुकनपुरा, राजा बाजार और चिड़ियाघर स्टेशन के साथ ही पाटलिपुत्र एलिवेटेड स्टेशन के बाद रुकनपुरा रैंप शामिल है। जिसकी कुल लागत 1,147.50 करोड़ रुपये है। वहीं, फेज दो में विकास भवन, विद्युत भवन और पटना जंक्शन स्टेशन के साथ विकास भवन से मीठापुर तक सुरंग का निर्माण भी शामिल है।

जिसकी कुल लागत 1,148.3 करोड़ है। पटना मेट्रो की कुल लागत 13,925.5 करोड़ रुपये है, जिसमें जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआइसीए), केंद्र सरकार और बिहार सरकार का योगदान है। पटना मेट्रो के दो कॉरिडोर रेड लाइन (16.86 किमी) और ब्लू लाइन (14.56) में कुल 24 होंगे। पहले चरण का पूरा संचालन 2027 तक शुरू होने की संभावना है।

## विधानसभा 2025 से पहले गयाजी में फैली सनसनी, जन सुराज नेता पर हुआ जानलेवा हमला



**गया।** बिहार विधानसभा 2025 चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से चुनावी हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी क्रम में गयाजी के जन सुराज नेता और नगर निगम पार्षद गजेंद्र सिंह पर बाइक सवार अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। घटना में अपराधियों ने स्कॉर्पियो वाहन पर गोली चलाई, जिसमें एक गोली वाहन को लगी और दो गोलियां चूक गईं। हालांकि, नेता बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, गजेंद्र सिंह सोमवार की देर रात गयाजी शहर के चंदौती थाना क्षेत्र से अपने वाहन से लौट रहे थे। वे उस दौरान एक परिचित से मिलने गए थे। इसके बाद वह अपने आवास एपी कॉलनी लौट रहे थे। चंदौती रोड में, एलआईसी कार्यालय के पास, बाइक सवार अपराधियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान गजेंद्र सिंह ने वाहन को तेज रफ्तार में भगाया और रामपुर थाना पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। रामपुर थाना की पुलिस ने FIR दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि वारदात ऐसी जगह पर हुई है, जहां कोई CCTV कैमरा नहीं लगा हुआ था। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गजेंद्र सिंह वर्तमान में गयाजी नगर निगम के वार्ड पार्षद हैं। वे गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी भी माने जा रहे हैं। उन्होंने वारदात में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

## औरंगाबाद में दो पक्षों के बीच मारपीट



**औरंगाबाद।** में 2 गुट आपस में भिड़ गए। घास काटने के विवाद में जमकर मारपीट हुई है। जिसमें दोनों पक्ष से दो सगी बहन समेत 3 लड़की घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के श्री गौरैया गांव की है। घायलों में एक पक्ष से चंचला कुमारी और दूसरे पक्ष से खुशी कुमारी, निधि कुमारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल चंचला की बहन मंजूषा कुमारी ने बताया कि पूर्व से ही मुनील के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर मुनील, उसकी पत्नी बेटे और दोनों बेटियों ने मेरी बहन को अकेला पाकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के समय घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं थे। सूचना देने के बाद डायल 112 की टीम पहुंची। घायल को ओबरा सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को रेफर कर दिया।दूसरे पक्ष से खुशी ने बताया कि घास काटने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। चंचला ने हम दोनों बहनों पर हमला कर दिया।

# चुनाव की घोषणा के साथ भाजपा ने दिया नया नारा



**पटना।** 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सीएम नीतीश कुमार को बड़ा भाई बनाकर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ी थी। जनता दल यूनाईटेड को 43 सीट आने पर भी भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही बनाया था। इस बार चुनाव से पहले विपक्ष लगातार यह कह रहा है कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। लेकिन, भाजपा के वरिष्ठ नेता हमेशा कहते हैं ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही इस बार भी चुनाव लड़ेगी। इस बात को भाजपा ने और पुख्ता कर दिया। एक नया नारा देकर। बिहार चुनाव की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी ने नया 25 से 30, हमारे दो भाई नरेंद्र और नीतीश। यानी 2025 से 2030 तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे।भाजपा ने सोशल मीडिया पर भी कुछ ऐसे ही नारे लिखे। जैसे, बिहार में जारी रहेगी विकास की तेज रफ्तार, 14 नवंबर को फिर एक बार एनडीए सरकार₹। इसके अलावा भाजपा ने लिखा कि ₹जनता का विश्वास, फिर से NDA सरकार! बस 38 दिन का है इंतजार, थमेगी नहीं विकास की रफ्तार। वहीं एक अन्य पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि बिहार की जनता का मूड, मन-मिजाज सिर्फ एनडीए के साथ, 160 से अधिक सीटों पर जीतकर 14 नवंबर को फिर आ रही प्रचंड बहुमत की सरकार !वहीं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आज बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश व प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का प्रमुख माध्यम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार में NDA सरकार जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बनी है। बिहार का यह चुनाव प्रदेश को विकास के रास्ते पर अनवरत ले जाने, घुसपैठिया मुक्त करने और जंगलराज को फिर से आने से रोकने का चुनाव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि लोकतंत्र की जननी बिहार की पुण्यधरा की जनता इन विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं ठऊअ को अपना आशीर्वाद और प्रचंड मतों से समर्थन प्रदान करेगी।

## आप हिजड़ा हैं और इसका इंसाफ अल्ला ताला करेगा



**वैशाली।** AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी ने वैशाली के महुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पुलिस हिरासत में नासिर शाह की मौत के लिए वैशाली पुलिस और बिहार सरकार को जिम्मेदार ठहराया, और पुलिसकर्मियों को 'हिजड़ा' कहा। ओवैसी ने महुआ के गांधी मैदान में कहा कि जिस पुलिस ने नासिर शाह को हिरासत में लिया था, वह बहादुर नहीं बल्कि 'हिजड़ा' थी। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यदि मरने वाला नासिर शाह नहीं होता, तो सरकार थाने के चौकीदार से लेकर थानाध्यक्ष तक को निलंबित कर चुकी होती। AIMIM नेता ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा से सवाल किया। उन्होंने कहा कि नासिर शाह की मौत पुलिस हिरासत में हुई है, और यह बहादुरी नहीं है। ओवैसी ने जनता से इस नाइंसाफी का जवाब वोट से देने की अपील की। आइसक्रीम विवाद को लेकर पुलिस पर किया था हमला यह मामला बिहार के वैशाली से जुड़ा है, जहां 40 रुपए के आइसक्रीम विवाद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कई थानों की पुलिस पर हमला कर दिया था। इस घटना में दर्जनों पुलिसकर्मी घायल हुए थे और पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी मामले में नासिर शाह को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस हिरासत में इलाज के दौरान नासिर शाह की मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह मुद्दा गरमाया हुआ है। 6 और 11 नवंबर को होगा मतदान बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है, जहां 2 चरणों में 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। AIMIM ने महुआ विधानसभा सीट से अमित कुमार उर्फ बच्चा राय को अपना उम्मीदवार बनाया है, जिससे इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। ओवैसी की सभा में मुसलमानों की भारी भीड़ देखी गई, जिससे राजद के एमवाई समीकरण पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### अररिया-नेपाल में बारिश से 4 नदियां उफनाई



**अररिया।** जिले और पड़ोसी देश नेपाल में पिछले दो-तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सोमवार को जिले से होकर बहने वाली परमान, बकरा, कनकय, रतवा और नूना जैसी नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे जोगबनी, फारबिसगंज, नरपतगंज, अररिया, कुसार्काटा, सिकटी, पलासी और जोकीहाट प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। कई निचले इलाकों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।स्थानीय लोगों को अपने सामान और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते देखा गया। कई परिवारों ने अपने घर छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण ली। बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई।हालांकि, मौसम साफ होने के साथ ही नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है। जिला प्रशासन के अधिकारी प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैनात की गई हैं, और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट मोड में रखा गया है।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से नदियों के तटबंधों की मरम्मत और बाढ़ सुरक्षा के लिए स्थायी उपाय करने की मांग की है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हल्की बारिश की संभावना जताई है, जिसके चलते प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

### पूर्णिया में पानी प्लांट के स्टाफ की संदिग्ध मौत



**पूर्णिया।** में पानी प्लांट के स्टाफ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। प्लांट के कमरे में गमछे से बने फंदे के सहारे शव झूलता मिला है। घटना के. हाट थाना क्षेत्र के न्यू सिपाही टोला स्थित पानी प्लांट की है। मृतक की पहचान कस्टम ऑफिस के साहबान निवासी रितेश कुमार सिंह (22) के रूप में हुई है। बीते कुछ सालों से प्लांट में देखरेख का काम करता था। 8 साल पहले पिता की मौत हो चुकी है। घर में मां दीपमाला देवी और तीन भाई हैं। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की चाची संगीता देवी ने बताया कि सोमवार रात में घर के सभी सदस्यों से रितेश की बात हुई थी। खाना खाकर रात 8 बजे प्लांट पर सोने चला गया। सुबह मालिक ने कॉल करके उसके सुसाइड की खबर दी। मेरे भतीजी आत्महत्या नहीं कर सकता, उसकी हत्या हुई है। शव को फंदे से लटका दिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय के. हाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है। FSL टीम ने मौके से कई साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया है।एसआई ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। प्लांट परिसर की जांच की गई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ हुई है। परिजनों की लिखित शिकायत के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव को लेकर सीमांचल में हाई अलर्ट



**पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूर्णिया समेत सीमांचल चुनावी मोड में आ गया है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले इस इलाके में प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रशासनिक सख्ती बढ़ाते हुए पारा मिलिट्री फोर्स की सात-सात कंपनियां पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार को मिली है। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने महीनों पहले से असामाजिक तत्वों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। जिन लोगों का क्राइम रिकॉर्ड या आपराधिक बैकग्राउंड है, उनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की जा रही है। मकसद साफ है, किसी भी कीमत पर चुनावी माहौल को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पूर्णिया प्रमंडल के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने कहा कि भौगोलिक रूप से जटिल सीमांचल इलाके को देखते हुए इस बार केंद्र से अतिरिक्त पारा मिलिट्री फोर्स मांगी गई थी। अब इसकी तैनाती हर जिले में कर दी गई है। हर जिले को सात-सात कंपनियां मिली हैं, जो स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा मोर्चा संभाल रही हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले के सभी थानों में पारा मिलिट्री और पुलिस की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन शुरू कर दिया है। सड़कों से लेकर संवेदनशील बूथों तक गश्त तेज कर दी गई है। प्रशासन का साफ संदेश है, जो शांति भंग करने की कोशिश करेगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी।किशनगंज से लेकर अररिया तक फैले इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा सबसे ज्यादा कड़ी कर दी गई है। करीब 100ङे लंबे इस सीमावर्ती इलाके में लगातार सर्च ऑपरेशन और पेट्रोलिंग चल रही है। रइ और बिहार पुलिस की संयुक्त टीमें चौकसी में लगी हैं। सीमा को फिलहाल सामान्य रखा गया है ताकि आम लोगों को दिक्कत न हो, लेकिन हर मूवमेंट पर इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से नजर रखी जा रही है। बॉर्डर पोस्ट से लेकर गांवों तक पुलिस की टीम राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग कर रही है। पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार, इन चारों जिलों को लेकर पुलिस मुख्यालय ने अलग सिक्योरिटी प्लान तैयार किया है। हर जिले में हाई रिस्क बूथों की पहचान कर ली गई है। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीमें लगातार फील्ड में हैं। चुनाव के मद्देनजर अब पूरे सीमांचल में माहौल चुनावी रंग में रंग चुका है। प्रशासन ने सुरक्षा की कमान अपने हाथ में ले ली है। इस बार गड़बड़ी करने वालों को पहले ही चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी ताकि मतदान के दिन माहौल पूरी तरह शांत और निष्पक्ष रहे।

# बिहार के 23 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी







**पटना।** मौसम विभाग ने आज यानी मंगलवार को बिहार के 23 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बारिश के साथ-साथ तेज हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक, अगले 48 घंटे में एक बार फिर प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है।वहीं, रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। अक्टूबर के बाद से बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है।इधर, नेपाल में हो रही बारिश के चलते बिहार के कई जिलों में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। कोसी सहित उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं। सुपौल के छह प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। करीब 5 हजार घरों में पानी भर गया है। मधुबनी में एक लाख की आबादी प्रभावित हुई है। नेपाल के सरिसवा नदी में आई बाढ़ ने रक्सौल और उसके आसपास के इलाके में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बाढ़ का पानी निचले इलाके रामगढ़वा, सुगौली, सेमरा, मोतिहारी तक फैल रहा है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और उससे सटे इलाकों में एक निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हुआ है। इसके अलावा दक्षिण-पूर्वी और मध्य भारत से आने वाली नमी भरी हवाओं के कारण बिहार के ऊपर ट्रफ लाइन सक्रिय हो गई है।इन दोनों सिस्टम के मिलकर काम करने से राज्य के कई जिलों में लगातार बादल छाए रहने और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि नमी का स्तर बढ़ने से वातावरण में भारीपन और उमस भरा मौसम भी रह सकता है, लेकिन बारिश होने पर तापमान में गिरावट महसूस होगी। आने वाले 24 से 48 घंटों में बारिश का असर रहेगा। राजधानी पटना में भी मानसूनी गतिविधियां सक्रिय रहने के संकेत मिले हैं। यहां हल्की से मध्यम बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है और यह 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है। हवा में नमी 70 से 80 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है, जिससे सुबह और शाम में हल्की ठंडक महसूस होगी।



# बॉस हों पार्ट टाइमर तो ऐसे करें डील

**जॉब के दौरान कई परिस्थितियों से दो चार होना पड़ता है। ऐसा हो सकता है कि कंपनी पार्ट टाइम बॉस को नियुक्त कर दे। ऐसी स्थिति में टीम की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बॉस के साथ तालमेल बैठाकर उन्हें फैसले लेने होते हैं...**

जब आपके ऑफिस में पार्ट टाइम काम करने वाले बॉस हों और आप फुल टाइमर एम्प्लॉइ हों, तो स्थिति थोड़ी सी नाजुक हो जाती है। ऐसे में पूरी टीम को बॉस के साथ बराबर टच में रहना होता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि टीम को फुल टाइमर बॉस की कमी महसूस होती है। टीम को कई मुद्दों पर बातचीत करने की जरूरत होती है। कई बार ऐसा होता है कि पार्ट टाइमर बॉस पूरा समय नहीं दे पाते हैं। आप अपनी कंपनी में ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, तो यहां पर दिए जाने वाले टिप्स कारगर साबित हो सकते हैं। आइए डालते हैं एक नजर –

## मानसिकता सही रखें

एक्सपर्ट कहते हैं कि एक पार्ट टाइमर बॉस किसी संस्था में काम करता है, तो वहां पर काम करने वाले लोगों के मन में यह भावना विकसित हो सकती है कि वह पावर का दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। बॉस का पद जिम्मेदारी भरा पद होता है और कंपनी बॉस पर भी नजर रखती है। याद रखें कि इसके लिए कंपनी हमेशा ही अपने स्तर पर सही व्यक्ति का चुनाव करती है। ऐसे में यह है कि टीम भी सही मानसिकता के साथ बॉस को सहयोग दे और अपना काम करे। वह कॉरपोरेट जगत के वैल्यू को समझे।

## कम्यूनिकेशन का होता है अहम रोल

जहां बॉस पार्ट टाइम काम करते हैं और उनके साथ काम करने वाले बाकी लोग फुल टाइम जॉब करते हैं, वहां पर कम्यूनिकेशन का रोल अहम हो जाता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसी स्थिति में टीम को बॉस के साथ कम्यूनिकेशन लेवल हाई रखना पड़ता है। एक बार कम्यूनिकेशन करने का स्टाइल फिक्स हो जाता है, तो बाद में चीजों को बदल पाना आसान नहीं होता है। जब कम्यूनिकेशन सही रहेगा तो प्रॉब्लम का निपटारा भी पलक झपकते ही हो जाएगा। ऐसे में पार्ट टाइमर बॉस के संग भी टीम बेहतर रिजल्ट दे सकती है।

## फैसला लेने की कला सीखें

आप ऐसी जगह काम कर रहे हैं, जहां फुल टाइमर बॉस नहीं हैं, तो जरूरी है कि टीम का हर एक सदस्य खुद पर भरोसा दिखाए और फैसला लेने की कला सीखे। याद रखें कि जब बॉस फुल टाइमर नहीं होते हैं, तो सबसे ज्यादा दिक्कत फैसला लेने में ही होती है। वर्कप्लेस पर कई बार आपको पलक झपकते ही बड़े फैसले लेने होते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा यह होता है कि आप आज के कॉम्पिटिशन भरे माहौल में टीम में तेजी कैसे लाएं। जॉब एक्सपर्ट कहते हैं कि इससे निपटने के लिए कंपनियों को चाहिए कि वह फैसला लेने के अधिकार को बांट दे। इससे जहां टीम के सदस्यों में कॉन्फिडेंस पैदा होता है, वहीं समय के भीतर फैसला लेने से काम में तेजी भी आती है।

# ...तो आप भी हैं कामयाब लीडर

एक लीडर में अपनी बात को असरदार तरीके से दूसरों तक पहुंचाने का हुनर आना चाहिए। एक लीडर, अगर वह अपनी बात अपने साथ काम करने वालों को बेहतर तरीके से कम्यूनिकेट कर पाने में समर्थ है, तो इससे कामकाजी माहौल ऊर्जा से भर जाता है, लोग उत्साह से काम में जुटते हैं और उनकी रचनात्मकता काम में झलकने लगती है। एक दूरदर्शी सोच रखने वाला लीडर एक जुनूनी टीम बनाने में यकीन रखता है। यह टीम एक समान लक्ष्यों के लिए पूरे जोशोखरोश से काम करती है। अपना कारोबार फैलाती किसी भी कंपनी को एक मजबूत मैनेजमेंट के साथ–साथ ऐसी टीम की भी दरकार रहती है, जो साथ काम करने वाले लोगों के बीच आपसी एकता, यकीन और आदर की बुनियाद पर बनी हो। कामयाबी का राज है, कामकाज में साफ–सुथरापन। एक कामयाब लीडर इस बात की अहमियत जानता है और अच्छे कामकाज के लिए अपने एंप्लॉई के साथ एक बेहतर समझ विकसित करता है। इससे न सिर्फ कामकाज का बिना किसी रुकावट के निपटारा होता जाता है, बल्कि टीम के भीतर एक खुशनुमा कामकाजी माहौल भी बरकरार रहता है।



# इन बातों का ध्यान रखें तो कदम चूमेगी कामयाबी

**जब आप अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट होते हैं, तो यह जान जाते हैं कि आप कौन हैं? आप क्या हैं? आपको क्या करना है और आप क्या चाहते हैं? अगर ये चीजें आपके दिमाग में साफ हैं, तो आपकी सफलता का पहला चरण सुनिश्चित हो जाता है।**

## बनें योग्य

कामयाब होने के लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि आप खुद को योग्य बनाएं। क्योंकि आप तब तक ऊपर नहीं चढ़ सकते, जब तककि आप में योग्यता नहीं हो। इसलिए पहले खुद को योग्य बनाना जरूरी होता है। इसके लिए लगातार प्रयत्न करना पड़ेगा। याद रखें कि कोशिश करने वालों की कभी भी हार नहीं होती है।

## दबाव झेलने की क्षमता

जब जिम्मेदारी बढ़ेगी तो दबाव के साथ–साथ अवरोध भी उत्पन्न होगा। ऐसे में इस तरह की विपरीत परिस्थितियों को झेलने की क्षमता आपमें जरूर होनी चाहिए। वैसे जब आपको एवरेस्ट पर चढ़ाई करनी हो तो रास्ते में दिक्कतें तो आएंगी ही। दिक्कतों का सामना करने से ही सफलता का दरवाजा खुलता है।

## भरपूर एकाग्रता जरूरी

इसके बिना तो आप साइकल भी नहीं चला सकते। एकाग्रता एक ऐसी चीज है, जो हर जगह काम आती है। आप अपने काम में इसके द्वारा ही परफेक्शन लाते हैं। किसी भी काम को साधारण से असाधारण बनाने के लिए एकाग्रता की जरूरत होती है। इसके माध्यम से आप बड़े से बड़े लक्ष्य को भेद सकते हैं।

## रचनात्मकता भी जरूरी

एक प्रफेशनल की सफलता में उसकी रचनात्मकता का काफी अहम योगदान हो। है। इसलिए इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

## साहस बनाए रखें

कहते हैं रिस्क लेने के बाद ही आगे बढ़ने का रास्ता खुलता है। इसके लिए साहस सबसे जरूरी चीज है। किसी ने सही कहा है कि हिम्मत रखने वालों की कभी हार नहीं होती इसलिए जीतने के लिए साहस बहुत जरूरी है।






# हार्डवेयर फील्ड में खूब हैं जॉब, मस्त सैलरी

**आज शायद ही ऐसा कोई ऑफिस हो, जहां का कामकाज कंप्यूटर पर आधारित न हो। इसके अलावा, घर, स्कूल आदि जगहों पर भी सभी कामकाज कंप्यूटर पर ही किए जाते हैं। अगर ये सुचारू रूप से काम न करें, तो सारा कामकाज अचानक ठप हो सकता है। बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों में नेटवर्क फेल होने की वजह से काम ठप रहने की खबरें आपने अक्सर पढ़ी होंगी, तब इस नेटवर्क को सही करने के लिए हार्डवेयर प्रफेशनल्स की ही मदद ली जाती है। नेटवर्किंग दरअसल कंप्यूटरों को आपस में जोड़कर ऐसा जाल बनाने का फील्ड है जिसमें कोई संस्थान काम कर सके। कुल मिलाकर, कंप्यूटर इंस्टॉलेशन से लेकर, इसकी मेंटेनेंस और रोजमर्रा के ऐडमिनिस्ट्रेशन तक का सारा जिम्मा कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट्स यानी हार्डवेयर इंजिनियर्स के जिम्मे होता है।**

## कोर्स

हार्डवेयर इंजिनियर बनने के लिए मुख्य रूप से दो बेसिक कोर्स करने पड़ते हैं। पहला, हार्डवेयर और दूसरा बेसिक नेटवर्किंग। हार्डवेयर रिलेटिड कोर्स से कंप्यूटर पार्ट्स के बारे में तमाम तकनीकी जानकारी मिलती है। एक हार्डवेयर इंजिनियर या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए ये दोनों कोर्स करने बेहद जरूरी हैं। नेटवर्किंग में इससे आगे कोई एक्सपर्ट बनना हो, तो अपनी पसंद के हिसाब से कुछ और बेसिक कोर्स करने होंगे, जैसे :- लैन (लोकल एरिया नेटवर्क) और वैन (वाइड एरिया नेटवर्क) से जुड़े कोर्स। नेटवर्किंग से जुड़े कोर्स कराने के लिए कई सरकारी और प्राइवेट संस्थान हैं, जिन्होंने इन कोर्सेज के लिए अपनी अलग पहचान बनाई है। नेटवर्किंग सीखने के लिए तीन तरीके हैं :- पहला ऑनलाइन स्टडी मटीरियल की मदद से खुद पढ़ाई, दूसरा ऐसे इंस्टिट्यूट्स जो किसी प्रोग्राम से जुड़े नहीं है और तीसरा सर्टिफाइड प्रोग्राम।



## जॉब की कमी नहीं

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि नेटवर्किंग में कोर्स करने के बाद कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट, हेल्प डेस्क टेक्निशन, नेटवर्क या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर, कंप्यूटर सिक्यॉरिटी स्पेशलिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। आज इन एक्सपर्ट्स की जरूरत लगभग हर संस्थान में होती है। फिर चाहे वह कंप्यूटर और डेटा प्रोसेसिंग यूनिट हों, बैंक या अन्य सरकारी कार्यालय, कोई इंडस्ट्री या और कोई छोटी–बड़ी फर्म। जहां भी कामकाज कंप्यूटर आधारित है, वहां इन तकनीकी विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। सरकारें जिस तरह ई–गवर्नेंस पर जोर दे रही हैं, उससे यह फील्ड और भी हॉट बनता जा रहा है। इसके चलते स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क और डाटा सेंटर जैसे कई नए फील्ड खुल रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक कंप्यूटर पर काम होता रहेगा, इन विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती रहेगी। ये किसी भी कंपनी के लिए नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम की देखभाल से लेकर, एंप्लायीज और कस्टमर्स की तकनीकी जिज्ञासाओं को शांत करने तक का काम करते हैं। एंट्री लेवल पर आपकी जिम्मेदारी केवल नेटवर्क और कंप्यूटर मेंटेनेंस की हो सकती है, लेकिन अनुभव के साथ आपको किसी कंपनी के लिए इंट्रानेट आदि डिवेलप करने का जिम्मा भी दिया जा सकता है।



## मनी मैटर्स

बरसों से आईटी फील्ड में अच्छी–खासी सैलरी रही है। हार्डवेयर प्रफेशनल्स के लिए सॉफ्टवेयर प्रफेशनल्स की तरह मौकों की कोई कमी नहीं है। एंट्री लेवल पर आप 25 से 35,000 रुपये महीने की जॉब पा सकते हैं। अनुभव और समय के साथ इसमें बढ़ोतरी होगी।

# तीन भारतीय आईसीसी के सितंबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट इस नामांकन को हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने सितंबर में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 497 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 55.22 और स्ट्राइक रेट 165.66 का रहा। बेनेट श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ श्रृंखला के सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने इसके बाद टी20 विश्व कप के अफ्रीका क्षेत्र के फाइनल के शुरुआती तीन मैचों में 72, 65 और 111 रन बनाए। उनकी शानदार बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा।

भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में इस खिताब के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने सितंबर में चार वनडे मैचों में 308 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 77 और स्ट्राइक रेट 135.68 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 58, 117 और 125 रन की पारियां खेलीं।

भारत इस श्रृंखला का पहला मैच हार गया था, लेकिन मंधाना की शतकीय पारी से टीम ने दूसरा मुकाबला जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की। उन्होंने इसके बाद निर्णायक मैच में भी शतक जड़ा लेकिन भारत 1-2 से श्रृंखला हार गया। वह इस श्रृंखला की



'सर्वश्रेष्ठ' खिलाड़ी चुनी गयी थी। महिला वर्ग में मंधाना के अलावा पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को नामांकित किया गया है।

# महेंद्र सिंह धोनी ने पूरा किया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के DGCA-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (RPTO) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिह्नित करती है।

यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है। यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं।

गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक 'उत्कृष्टता केंद्रों' के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है।

धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, 'हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और इस क्षेत्र में कौशल और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करता है।'

महेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि उन्होंने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपना छलष्ट ड्रोन पायलट प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। DGCA द्वारा अनुमोदित आरपीटीओ, गरुड़ एयरोस्पेस ने अपने अनुभवी मास्टर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 2,500 से अधिक महत्वाकांक्षी पायलटों को प्रशिक्षित किया है। धोनी ने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपनी यात्रा जारी रखने और इसके विकास को देखने के लिए अपनी उत्सुकता भी साझा की।

# दूसरे टेस्ट में सुदर्शन की जगह पडीक्कल को मिल सकता है मौका



**मुम्बई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में रन बनाने में असफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट मैच में शायद ही जगह मिले। नंबर तीन पर टीम इंडिया को एक अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। इसी को देखते हुए सुदर्शन की जगह पर देवदत्त पडीक्कल को अवसर मिल सकता है। पड़िकल ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दोनो टीमों के बीच दूसरा व अंतिम टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत हासिल कर ली पर सुदर्शन मैच में रन नहीं बना पाये। वह 19 गेंदों पर 7 रन ही बना पाये। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट में उनकी क्षमताओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें इंग्लैंड दौरे में भी जगह मिली थी पर वह वहां भी केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये थे। इस बल्लेबाज को नंबर-3 बल्लेबाज के तौर पर आजमाया गया है, जिसमें वह अभी तक बुरी तरह विफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने टेस्ट डेब्यू के बाद से ही अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 0, 30, 61, 0, 38, 11 और 7 रन के स्कोर ही कुल 137 रन ही बनाए हैं। वह विदेशी धरती के बाद अपनी धरती पर भी रन बनाने में सफल नहीं हुए हैं। सुदर्शन ने अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। सुदर्शन का सबसे अधिक स्कोर 61 रन है।

# पृथ्वी शॉ ने पहले ठोका शतक.. फिर भिड़ गए मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से, बीच मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में कमाल का शतक जमाया लेकिन उनके आउट होते ही मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दरअसल, पृथ्वी शॉ मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से भिड़ गए। पृथ्वी ने वो कर दिखाया है जिसके लिए वो जाने जाते हैं। रणजी ट्रॉफी से पहले महाराष्ट्र के लिए प्रैक्टिस मैच खेल रहे पृथ्वी शॉ ने तूफानी शतक लगाया है। बड़ी बात ये है कि उन्होंने ये शतक अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाफ जड़ा। एमसीए में खेले जा रहे इस मैच में पृथ्वी ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। शॉ ने तूफानी बैटिंग करते हुए 219 गेंदों में 181 रन ठोके।



### पृथ्वी शॉ की लड़ाई

वहीं पृथ्वी शॉ ने मुंबई के गेंदबाजों के फीते खोल दिए वो 73.2 ओवर तक क्रीज पर रहे और इस दौरान उन्होंने 219 गेंदों में 181 रन बनाए। शॉ के शतक की मदद से महाराष्ट्र टीम 430 रनों तक पहुंच चुकी थी लेकिन जैसे ही ये खिलाड़ी आउट हुआ बीच मैदान पर बड़ा बवाल हो गया। पृथ्वी शॉ को मुशीर खान ने आउट किया और इसके बाद मुंबई के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ स्लेजिंग की। स्लेजिंग सुनते ही पृथ्वी शॉ ने आपा खो दिया और वो मुंबई के खिलाड़ियों पर चिल्लाते दिखे। जब मामला बढ़ा तो अंपायर को बीच बचाव के लिए आना पड़ा। पृथ्वी शॉ ने अपनी पारी में कमाल बैटिंग की। इस खिलाड़ी ने ऑलराउंडर अर्शीन कुलकर्णी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 305 रन जोड़े। बड़ी बात ये है कि पृथ्वी शॉ ने इस मैच में अपने अंदाज से हटकर बल्लेबाजी की।

# ओसाका ने वुहान ओपन में लेला फर्नांडिज को हराया

वुहान (चीन) ः नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।



# आउट होते ही अंपायर पर नाराज हुए वैभव सूर्यवंशी

मुम्बई। मंगलवार को भारतीय अंडर-19 टीम के हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने भारत को बेहतरीन बढ़त दिलाई। इस दौरान इन दोनों गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम 135 रन पर समेट गई। हालांकि, इसके बाद भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। अपनी 20 रन की पारी के दौरान वैभव ने दो चौके और एक छक्का भी लगाया। इस बीच जोरदार अपील पर अंपायर ने वैभव सूर्यवंशी को आउट दे दिया। भारतीय बल्लेबाज कुछ समय तक अपने क्रीज पर ही खड़ा रहा और अंपायर को इशारा किया कि गेंद उनके बैट से नहीं बल्कि पैड से टकराई थी। पवेलियन लौटते समय वैभव सूर्यवंशी ने अंपायर से बात की, शायद यही कहना चाह रहे हो कि आपका फैसला गलत है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल है। वैभव का कैच विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने लपका। फिलहाल, भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और 6 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए। त्रिवेदी और राहुल कुमार ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।



# महिला विश्वकप में आज ऑस्ट्रेलिया से हारी तो बाहर होगी पाकिस्तान

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप क्रिकेट में बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। पाक टीम अब तक अपने दोनो ही मैच हारी है। ऐसे में अगर वह इस मैच में भी हारी तो विश्वकप से बाहर हो जाएगी। पहले मैच में उसे बांग्लादेश और दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया था। ऐसे में उसका अब तक एक भी अंक नहीं है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक अपने दोनो मैच जीती है और इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को भी बड़ें अंतर से जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा। पाक टीम के अब तक के खराब प्रदर्शन को देखते हुए भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत तय दिख रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीमों के प्रदर्शन से काफी बेहतर रहा है। कप्तान एलिसा हीली की टीम ने अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक रन बनाये हैं। ऐसे में वह पाक के खिलाफ वह और भी बड़ा स्कोर बना सकती है।





पाक टीम अगर ये मैच हारती है तो उसका बाहर होना तय है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पीछे कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच मे 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी। टीम की नजरें अब अपने इस रिकॉर्ड में सुधार करने के साथ ही आठवें विश्व कप खिताब को जीतने पर रहेंगी।

उसके पास सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड के अलावा एश्ले गार्डनर जैसी बल्लेबाज हैं। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन से पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने कमाल का प्रदर्शन किया था। अब इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और पक्का करने उतरेगी।

भारत के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज से भी उसे उपमहाद्वीप के मैदानों पर खेलने का तरीका समझ में आ गया है। वहीं बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की टीम अभी तक अंकतालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। कप्तान फातिमा सना की अब तक सभी क्षेत्रों में कमजोर नजर आयी है।

टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों के नहीं होने से पाक टीम टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन भी नहीं बना पायी है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली भी रनों के लिए संघर्ष करती दिखीं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ भी उसकी गेंदबाजी दिशाहीन रही और उसने करीब 18 अतिरिक्त रन दिये। भारत के खिलाफ भी उसे 88 रनों से बड़ी हार झेलनी पड़ी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के जबरदस्त प्रदर्शन को को देखते हुए पाक टीम उसके सामने टिक पायेगी। ऐसी संभावनाएं नहीं हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तानः** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

# विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी जीत दर्ज की



गुवाहाटी। भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया। चीन ने ग्रुप डी में इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने ग्रुप जी में पदार्पण कर रहे भूटान को 45-5, 45-17 से शिकस्त दी।

# सिराज को रुट से लगता है डर, इसलिए बनाये रखते हैं दूरियां

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज काफी आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी करते हैं। सिराज को विश्व के किसी भी बल्लेबाज को गेंदबाजी करते समय डर नहीं लगता। वह केवल इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रुट से ही डरते हैं। सिराज का कहना है कि हाल में इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में भी उन्होंने रुट से इसी कारण दूरी बना ली थी। सिराज ने बताया कि रूट उनकी तरफ कभी भी आक्रामक होकर नहीं देखते केवल मुस्कुरा देते हैं, इसी कारण उनके सामने आक्रामक होना संभव नहीं है। ऐसे में वह अपनी आक्रामकता को बनाये रखने के लिए उनकी ओर नहीं देखते। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि विकेट मिलने के बाद ही उनका गुस्सा गायब होता है। जहां तक रूट की बात है, वह एक शीर्ष स्तर के बल्लेबाज हैं। जब वह मेरा सामना करते हैं, तो वह कभी भी मेरी तरफ गुस्से से नहीं देखते। वह मुझे देखकर मुस्कुराते रहते हैं। इसलिए जब भी मैं उन्हें देखता हूं, मेरे चेहरे पर अपने आप मुस्कान आ जाती है। उन्होंने आगे कहा, 'वह पहले व्यक्ति हैं जो मुझे देखकर शांत करते हैं और मुस्कुराते हैं। इसलिए इंग्लैंड दौरे के दौरान मैंने फैसला किया कि मैं उनकी तरफ नहीं देखूंगा और न ही उनसे बात करूंगा।।'



# भारत में क्रिकेट की तरह कोरिया में तीरंदाजी की लोकप्रियता : ब्रैडी एलिसन

अमेरिका के दिग्गज तीरंदाज ब्रैडी एलिसन ने कहा कि दक्षिण कोरिया की तीरंदाजी में बादशाहत वहां के पेशेवर ढांचे का परिणाम है जहां इस खेल की लोकप्रियता की तुलना भारत में क्रिकेट की तरह है। कोरिया का दबदबा पेरिस 2024 ओलंपिक में भी कायम रहा जहां महिलाओं की टीम ने लगातार 10वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। कोरिया की महिला टीम 1988 सियोल ओलंपिक से अब तक अजेय रही है। पुरुष वर्ग में किम वू-जिन ने अपने करियर का पांचवां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता जो किसी भी तीरंदाज द्वारा सबसे ज्यादा है। पांच बार के ओलंपियन एलिसन ने दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) से इतर 'पीटीआई' को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, '' कोरिया दुनिया का इकलौता देश है जहां तीरंदाजी के लिए समर्पित पेशेवर प्रणाली है। उनके हर तीरंदाज का मुख्य पेशा यह है और उनकी रोजी रोटी इस खेल से चलती है,। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की वह तीरंदाज राष्ट्रीय टीम में हो या नहीं।'' उन्होंने कहा, ''वहां तीरंदाजी वैसी है जैसे भारत में क्रिकेट या अमेरिका में फुटबॉल। बच्चे काफी कम उम्र से ही पेशेवर तीरंदाज बनने का सपना देखते हैं। उनके 50वें रैंक के खिलाड़ी की आमदनी शायद मुझसे ज्यादा है।'' एलिसन ने कहा कि कोरिया में तीरंदाज ओलंपिक की तैयारी करने वाले नहीं, बल्कि पूर्णकालिक पेशेवर माने जाते हैं। उन्होंने कहा, '' वहां बच्चे पांच-छह साल की उम्र से ही तीरंदाज बनने का सपना देखने लगते हैं। यही उनका जुनून और मुख्य खेल बन जाता है। बाकी जगहों पर लोग सिर्फ ओलंपिक टीम में आने के लिए इस खेल से जुड़ते हैं। कोरिया में तीरंदाज इसे अपना करियर बनाते हैं। यही उन्हें जिंदगी में स्थिरता और सफलता दिलाता है।'' एलिसन रिकर्व तीरंदाजी में अगस्त 2011 से अप्रैल 2013 तक सबसे अधिक समय के लिए शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी रहे हैं। ओलंपिक में पांच पदक के साथ वैश्विक प्रतियोगिताओं में 60 से अधिक पदक जीतने वाले एलिसन का मानना है कि भारत हमेशा ओलंपिक पदक की दौड़ में रहता है। उन्होंने कहा, ''भारत के पास विश्व कप और चैंपियनशिप में ढेरों पदक हैं। अगर आप अपने सर्वश्रेष्ठ दो रिकर्व तीरंदाजों को मिश्रित टीम में उतारें, तो उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।फ लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पहली बार कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल किया जायेगा।

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, गुरबख्श सिंह बोले- इस विरासत का हिस्सा होना गर्व की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 साल पूरे कर लिए हैं। 7 नवंबर 1925 को बने हॉकी प्रशासन के पहले संस्थान से लेकर 8 ओलंपिक स्वर्ण पदकों तक का यह सफर इतिहास में दर्ज है। इस मौके पर 90 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ने कहा कि 'यह खेल भारत की पहचान है, और इस मील के पत्थर को मनाना गर्व का क्षण है।'

### 1928 से 1959: भारत का स्वर्ण युग

भारतीय हॉकी का सुनहरा दौर 1928 से 1959 तक रहा, जब टीम ने लगातार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। 1980 के दशक में गिरावट के बाद, 2020 टोक्यो ओलंपिक में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य जीत ने फिर से नई शुरुआत की। 2024 पेरिस में टीम ने एक और पदक जीतकर उस विरासत को जीवित रखा।

### 'प्रोफेसर' जिसने दो स्वर्ण भारत को दिलाए : गुरबख्श सिंह

1959 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले गुरबख्श सिंह 1964 टोक्यो ओलंपिक और 1966 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें चश्मा पहनने की वजह से 'प्रोफेसर' कहा। वे कहते हैं, 'मेरे लिए हॉकी जीवन है। हमने तब ओलंपिक में विश्व खिताब वापस जीता था, वही पल आज भी मेरे दिल में है।'

### भारत-पाकिस्तान, अब तक की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

गुरबख्श के अनुसार, भारतीय हॉकी का सबसे रोमांचक अध्याय भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत थी। उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन मैदान पर बस एक ही लक्ष्य होता था- जीतना।' उनका मानना है कि इस प्रतिद्वंद्विता ने ही दोनों देशों की हॉकी को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई।



## दिल्ली से वाराणसी जा रहे विमान को खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण उतरने की अनुमति नहीं मिली

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिगो की दिल्ली से वाराणसी की उड़ान 6ई 2211 को खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं मिली। विमान वाराणसी हवाई क्षेत्र में आधे घंटे तक हवा में चक्कर काटता रहा। ईंधन की कमी और मौसम में सुधार न होने के कारण, विमान को नजदीकी एयरपोर्ट लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यात्री लखनऊ में लगभग दो घंटे तक विमान में ही बैठे रहे। मौसम सामान्य होने के बाद, विमान वापस वाराणसी एयरपोर्ट पर लौटा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान में देरी और डायवर्जन का मुख्य कारण सुबह 5 बजे उड़ान के समय वाराणसी में खराब मौसम और बहुत कम दृश्यता था। इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को सूचित किया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है, और मौसम में सुधार होने पर ही उड़ान जारी रखी गई। यात्रियों में चिंता का माहौल था, लेकिन उन्होंने एयरलाइन के कदमों को समझा और आभार व्यक्त किया। कुछ ने ऐसी घटनाओं के लिए बेहतर तैयारी की आवश्यकता पर जोर दिया। कोहरे का मौसम शुरू होने के कारण, यात्रियों को अगले कुछ महीनों तक सुबह की उड़ानों में इसी तरह के विलंब या डायवर्जन का सामना करना पड़ सकता है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए एयरलाइंस को अपने परिचालन में और अधिक लचीलापन लाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बेकाबू कार रेलवे फाटक से टकराई, चेन बांधकर ट्रेन रोकी गई

ऋषिकेश (एजेंसी)। भट्टोवाला क्षेत्र में एक बेकाबू कार ने रेलवे फाटक से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसी राहगीर को चोट नहीं आई और कार चालक भी सुरक्षित बच गया। फाटक क्षतिग्रस्त होने के कारण रेल कर्मचारियों ने मौके पर चेन बांधकर ट्रेन को रोका और बाद में सुरक्षित रूप से रेलवे मार्ग को खाली कराया। घटना उस समय हुई जब प्रयागराज एक्सप्रेस हरिद्वार से ऋषिकेश आ रही थी। ट्रेन को निकालने के लिए भट्टोवाला फाटक बंद किया जा रहा था, तभी कार फाटक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार बेकाबू गति से आई और फाटक में जोरदार टक्कर मारी। रेलवे कर्मचारियों और आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत फाटक पर चेन लगाकर ट्रेन को रोका और फिर सुरक्षित निकाला। इससे कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया, लेकिन तब तक चालक कार लेकर फरार हो चुका था।

## जाजपुर में खौफनाक हादसा : कपड़े धो रही महिला को मगरमच्छ ने पानी में खींचा, देखते रह गए लोग

जाजपुर (एजेंसी)। ओडिशा के जाजपुर जिले में विगत शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब खरस्रोता नदी के किनारे कपड़े धो रही एक महिला को मगरमच्छ ने अचानक हमला कर पानी में खींच लिया। यह हादसा बारी प्रखंड के बोडू पंचायत अंतर्गत कांटिया गांव के पास हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार, पीड़िता की पहचान 55 वर्षीय सौदामिनी महाला, पत्नी सुकदेव महाला, निवासी कांटिया गांव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सौदामिनी नदी के उथले हिस्से में कपड़े धो रही थीं, तभी पानी से अचानक निकले मगरमच्छ ने उन पर झपट्टा मारा और उन्हें जबड़े में दबोच लिया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया लेकिन कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। कुछ लोगों ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसमें मगरमच्छ महिला को पानी में घसीटता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद स्थानीय वन विभाग की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन महिला का पता नहीं चल सका। अधिकारियों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ समय से मगरमच्छों की संख्या बढ़ी है और खरस्रोता नदी में कई बार उन्हें देखा जा चुका है।

## खून से लथपथ गिड़गिड़ाती रही मां... कलयुगी बेटा पेचकस से गर्दन पर करता रहा वार

### -ऑनलाइन गेम में 50 लाख रुपये हारा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाबू खेड़ा गांव में ऑनलाइन गेम के आदी एक बेटे निखिल ने अपनी मां रेनू (45) की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि निखिल पिछले लगभग एक साल से ऑनलाइन गेम खेल रहा था और 50 लाख रुपये के करीब हार चुका था। इतना ही नहीं आरोनी निखिल ने कई ऑनलाइन एप से उच्च ब्याज दर पर कुछ लोन भी लिया था। आनलाइन गेम और सट्टे में रुपये हार जाने के कारण वह लोन नहीं चुका पा रहा था, और लोन देने वाले जालसाज ब्लैकमेल कर डेटा के दुरुपयोग का दबाव बना रहे थे। रुपयों की सख्त जरूरत के कारण, निखिल ने 3 अक्टूबर की शाम को घर से जेवर चोरी करने की कोशिश की। लेकिन जेवर चोरी करते समय उसकी मां रेनू कमरे में आ गईं और उन्होंने निखिल को जेवर चोरी करते हुए देख लिया। मां के हाथों पकड़े जाने पर, निखिल ने अलमारी में रखा पेचकस उठाया और गिड़गिड़ाती हुई मां की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए। जब मां खून से लथपथ होकर गिर पड़ीं, इसके बाद भी आरोपी कलयुगी बेटा नहीं माना और आरोपी ने सिलेंडर उनके सिर पर दे मारा। हत्या करने के बाद, वह जेवर बैग में रखकर पिता की बाइक से भाग निकला। भागते समय निखिल ने अपने मामा और दोस्त को फोन करके झूठ बोला कि असलहों से लैस बदमाशों ने मां पर हमला कर जेवर लेकर भाग गए। लेकिन पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में निखिल को घर के पास पिट्ठू बैग लादे और बाइक से आराम से जाते हुए देखा गया, जबकि घर के पास कोई संदिग्ध बदमाश नहीं दिखा। इससे पुलिस को यकीन हो गया कि मां की हत्या बेटे निखिल ने की है। इसके बाद पीजीआई थाने की पुलिस और क्राइम टीम ने आरोपी निखिल को सलतानपुर बहेरा अल्लीपुर औरम्हा गांव से गिरफ्तार किया। पूछताछ में निखिल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, चुनाव आयोग ने मामले को और उलझा दिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में बिहार के एसआईआर मामले की सुनवाई शुरू हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच केस की सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि फाइनल मतदाता सूची आने के बाद उन्हें मामले की गंभीरता का पता चला है। प्रशांत भूषण ने कहा कि एसआईआर के लिए 2003 और 2016 में कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश मौजूद हैं, जिसमें फर्जी मतदाताओं को हटाने के नियम स्पष्ट थे। लेकिन चुनाव आयोग ने समस्याओं को सुलझाने के बजाय और जटिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में पारदर्शिता का बिल्कुल अभाव है। 65 लाख से अधिक मतदाताओं को हटाने की जानकारी कोर्ट के आदेश के बाद ही उपलब्ध हुई है। वहीं, वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि जिन 3.66 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनमें से किसी को भी इस बारे में नोटिस तक नहीं मिला। न किसी को हटाए जाने का कोई कारण बताया गया और न ही उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया गया। उन्होंने कहा कि भले ही अपील का प्रावधान हो, लेकिन जानकारी ही नहीं होने की वजह से अपील करना संभव नहीं है।

वहीं चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील राकेश द्विवेदी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि हटाए गए सभी मतदाताओं को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट सूची और फाइनल सूची दोनों की प्रतियां सभी राजनीतिक दलों को दी गई हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर आप हमें उन 3.66 लाख मतदाताओं की सूची दें, जिन्हें हटाने के बारे में सूचना नहीं दी गई है, तब हम उन्हें सूचित करने का निर्देश दें। हर व्यक्ति को अपील का अधिकार मिलना चाहिए।

कोर्ट ने चुनाव आयोग पक्ष के वकील से पूछा कि कितनी शिकायतें या आपत्तियां उन्हें मिली हैं और इन पर क्या कार्रवाई की गई है। इसके जबाव में द्विवेदी ने जवाब दिया कि ड्राफ्ट सूची में नाम होने और फाइनल सूची से नाम कटने की कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आपत्तियों, दावों और नए वोटरों के नाम शामिल करने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है।

## जूता सीजेआई गवई पर नहीं फेंका.... बल्कि भारत के संविधान पर जूता फेंकने की कोशिश

### -शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने घटना की कड़ी निंदा की

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना को भारत के संविधान पर हमला करार दिया। शिवसेना यूबीटी गुट के नेता राउत ने दावा किया कि घटना केवल सीजेआई के बारे में नहीं थी, बल्कि यह मौजूदा राजनीतिक माहौल का प्रतिबिंब थी, जहां सत्ता में बैठे लोग संविधान का सम्मान नहीं करते और उनके चाहने वाले इस तरह के कृत्यों का सहारा लेते हैं। राउत ने कहा, जूता सीजेआई गवई पर नहीं फेंका गया, बल्कि यह भारत के संविधान पर जूता फेंकने की कोशिश थी। बता दें कि सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश वाली घटना ने देश में बढ़ती असहिष्णुता और संस्थानों के प्रति अनादर को लेकर तीखी बहस शुरु कर दी है। कई लोगों ने जजों की सुरक्षा और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बीएसपी प्रमुख मायावती और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने घटना की निंदा की। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र और न्यायपालिका पर हमला बताया। बात दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य सरकारी अधिकारियों ने भी घटना की निंदा की और न्यायपालिका के सम्मान की महत्ता पर जोर दिया। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि चीफ जस्टिस गवई महाराष्ट्र के गौरव हैं। एक वकील की ओर से उन पर हमला करने का प्रयास निंदनीय है। लोकतंत्र में इसतरह की घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। इसकी निंदा कर कहा कि सीजेआई गवई पर हमला संविधान और लोकतंत्र पर हमला करने का प्रयास है।



## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'भगवद्गीता का योग विज्ञान' ग्रंथ का विमोचन

देहरादून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में श्रीमद्भगवद्गीता पर परमहंस योगानंद द्वारा रचित टीका 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के संक्षिप्त संस्करण 'भगवद्गीता का योग विज्ञान' का विमोचन किया। इस अवसर पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वाराहाट (अल्मोड़ा) आश्रम से आए स्वामी वासुदेवानंद और स्वामी धैर्यानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वामी वासुदेवानंद ने मुख्यमंत्री को योगदा सत्संग सोसाइटी की आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द्वाराहाट आश्रम पर्वतीय क्षेत्र में स्थित उस पवित्र गुफा के निकट है, जहां अमर गुरु महावतार बाबाजी ने काशी के महान योगी श्यामाचरण लाहिड़ी (लाहिड़ी महाशय) को क्रियायोग की दीक्षा दी थी। बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि में अर्जुन को क्रियायोग का उपदेश दिया था। इस मौके पर योगदा देहरादून मंडली के डॉ. अनिल कौल और आशुतोष डोरा भी उपस्थित रहे।

## पूर्व एबीवीपी नेता ने डिबेट में राहुल को दी गोली मारने की धमकी, कांग्रेस ने शाह को लिखा पत्र

रायपुर (एजेंसी)। केरल में पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव द्वारा टीवी डिबेट के दौरान राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने के बयान से देशभर में बवाल मच गया है। इस बयान के विरोध में रायपुर के सिविल लाइन थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

बता दें कि 26 सितंबर को केरल के एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा को लेकर लाइव डिबेट चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव ने कहा कि 'राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इस बयान के तुरंत बाद देशभर में कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई और मामले को विधानसभा तक पहुंचा दिया। केरल कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सचिव श्रीकुमार सीसी की शिकायत पर पेरामंगलम पुलिस ने पिंटू महादेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उसकी तलाश जारी है। वहीं कांग्रेस महासचिव के।सी। वेणुगोपाल ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि अगर आरोपी पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो इसे सरकारी मिलीभगत माना जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भाजपा नेताओं के खिलाफ बयान होता है तो तुरंत एफआईआर होती है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने पर सरकार चुप है।' हाल ही में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। एजेंसी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर बताया कि राहुल गांधी पिछले 9 महीनों में 6 बार बिना सूचना विदेश गए।

### कांग्रेस ने रायपुर में किया हंगामा

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर पिंटू महादेव की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जब भाजपा नेताओं पर टिप्पणी होती है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यह कानून और संविधान का उल्लंघन है।

# गंदगी के बीच बनाया जा रहा था कफ सिरप, फैसिलिटी और उपकरणों की थी कमी

### -तमिलनाडु सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, कंपनी ने किया नियमों का उल्लंघन

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 14 से ज्यादा बच्चों की मौत ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इसी बीच श्रीसन फार्मास्यूटिकल की फैक्ट्री पर आधारित तमिलनाडु सरकार की 26 पन्नों की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी ने कप सिरप के निर्माण में नियमों का उल्लंघन किया है।

एक मीडिया संस्थान के हाथ लगी रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी में गंदगी के बीच सिरप बनाया जा रहा था। स्किल्ड मैनपावर, मशीनरी, फैसिलिटी और उपकरणों की कमी थी। क्वालिटी असुरेंस विभाग का अस्तित्व ही नहीं था और बैच रिलीज से पहले कोई जांच नहीं की जाती थी। रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स कंपनी में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के उत्पादन में 350 से ज्यादा गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसमें 39 क्रिटिकल और 325 मेजर खामियां पाई गई हैं। सिरप में 48.6 फीसदी डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया जो किडनी फेलियर का कारण बनता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जा रहा था। फैक्ट्री में कोई एयर हैंडलिंग यूनिट नहीं थी, वेंटिलेशन खराब था और उपकरण क्षतिग्रस्त या जंग लगे हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्लांट का लेआउट और डिजाइन ही दूषित होने के जोखिम में योगदान दे रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने 50 किलो प्रोपलीन ग्लाइकॉल बिना चालान के खरीदा जो अवैध है। सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) के अंश भी पाए गए जो एक अत्यधिक विषैला औद्योगिक विलायक है और इसका इस्तेमाल ब्रेक फ्लूइड, पेंट और प्लास्टिक में होता है।

प्रोपलीन ग्लाइकॉल एक कम विषैला इंडस्ट्रियल सॉल्वेंट है, जिसका इस्तेमाल खाद्य, दवा और ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है, लेकिन डीईजी कम मात्रा में भी इंसानों के लिए घातक है। प्रोपिलीन ग्लाइकॉल की जगह डीईजी का इस्तेमाल दुनिया भर में बड़े पैमाने पर विषाक्तता की घटनाओं का कारण है, जिसमें हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी ने लिक्विड फॉर्मूलेशन ट्रांसफर के लिए प्लास्टिक पाइप्स का इस्तेमाल करती थी, फिल्ट्रेशन सिस्टम नहीं था और केमिकल इफ्लुएंट्स को सीधे सामान्य नालियों में डाला जाता था।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि क्रिटिकल मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में इस्तेमाल साफ पानी के टैंक अस्वच्छ स्थिति में पाए गए। निरीक्षण टीम ने पाया कि कच्चे माल को बिना परीक्षण या विक्रेता की अनुमति के जारी किया गया था और प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं पर नजर रखने के लिए कोई फार्माकोविजिलेंस सिस्टम मौजूद नहीं था। सैंपलिंग खुले वातावरण में की गई, जिससे दूषित होना अपरिहार्य था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कीटों या चूहों को रोकने के लिए कोई बंदोबस्त नहीं था। साथ ही फ्लाई कैचर्स यानी मक्खी पकड़ने वाले और एयर कर्टेंस गायब थे, प्रोडक्शन क्षेत्रों में फिल्टर की गई हवा का कोई प्रबंध नहीं था। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी में कुशल मैनपावर की कमी थी और एनालिटिकल टेस्ट मेथड्स या सफाई प्रक्रियाओं का वैलिडेशन कभी नहीं किया गया था।



तमिलनाडु सरकार के निष्कर्षों से अब ये पता चलता है कि यदि निर्माता ने सबसे बुनियादी दवा सुरक्षा मानदंडों का पालन किया होता तो इस त्रासदी को रोका जा सकता था। वहीं, इस प्रकरण में मध्य प्रदेश सरकार ने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और राज्य ड्रग कंट्रोलर को हटाया दिया है। डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया है, जिन्होंने सिरप प्रेस्क्राइब किया था। साथ ही सरकार ने मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। कई राज्य जैसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल और तमिलनाडु ने सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने 6 राज्यों में 19 ड्रग यूनिट्स का जोखिम-आधारित निरीक्षण शुरू किया कर दिया है।

## खड़गे ने दलित युवक की हत्या पर जताई कड़ी नाराजगी, बोले- यह संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले ने अब राजनीतिक गलियारों को गरमाने का कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे सामाजिक न्याय और संविधान के खिलाफ अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल दलित समुदाय पर हमला है, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करती है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर कांग्रेस की ओर से जारी एक संयुक्त वक्तव्य साझा किया, जिसमें कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक की हत्या निंदनीय है और यह घटना भारत के संविधान का अपमान है, जो सभी नागरिकों को समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है। वक्तव्य में कहा गया, यह दलित समुदाय के खिलाफ अपराध होने के साथ-साथ पूरे समाज पर कलंक है। कांग्रेस ने अपने बयान में कहा कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी ने हाथरस, उन्नाव, रोहित वेमुला, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर यूरिन करने की घटना, ओडिशा और हरियाणा में भीड़ हिंसा और अखलाक की हत्या जैसे मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी घटनाएं समाज और प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती हैं।

संयुक्त वक्तव्य में आगे कहा गया कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर की कार्रवाई और भीड़तंत्र जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जो किसी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य हैं। वक्तव्य कहा गया है, कि हरिओम की हत्या हमारे समाज की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी के उस भारत की बात करती है जो सामाजिक न्याय, समानता और संवेदना पर आधारित हो। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

वहीं दूसरी तरफ रायबरेली पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दावा किया है कि सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह मतलब डबल इंजन सरकार की विदाई तय

### -राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार पर कसा तंज



पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार की विदाई होना तय है। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद राजनीतिक और तेज हो गई है। चुनावी तैयारियों के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। एनडीए और इंडिया ब्लॉक अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं।

इसी बीच पूर्व सीएम लालू यादव ने कहा कि बिहार से डबल इंजन सरकार की विदाई तय है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने संकेत दिया कि बिहार से एनडीए की विदाई तय है। यह पहली बार नहीं है जब लालू ने बिहार सरकार पर निशाना साधा है। वह अक्सर सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर कटाक्ष करते रहते हैं।

एक अन्य पोस्ट में लालू यादव ने सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार का मतलब भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट व्यवस्था को बदलना है। इस बार बिहार के मुख्यमंत्री को बदलना है और सरकार भी बदलेंगे। जहां एक ओर लालू यादव सीएम नीतीश कुमार को लेकर हमलावर हैं और सरकार बदलने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिहार का नेतृत्व वह अपने बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव में देखते हैं।

बता दें उन्होंने कई मंचों से तेजस्वी को बिहार का अगला सीएम बनाने के लिए जनता से अपील भी की है। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था- तेजस्वी के नेतृत्व में, नया बिहार बनाएंगे। बता दें बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। वहीं चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव को लेकर आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## चीन और पाकिस्तान की बढ़ेगी धड़कन, अब भारत में ही बनेगा एस-400, कुछ रुस देगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और रूस के बीच अतिरिक्त पांच सिस्टम की कीमत पर सहमति बन चुकी है। दोनों देश के बीच अब इस पर बातचीत चल रही है कि इनमें से तीन सिस्टम सीधे खरीदे जाएंगे और बाकी के दो एस-400 टेक्नॉलजी ट्रांसफर के तहत निर्मित होंगे। यह सौदा सरकार-से-सरकार के बीच होगा और रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल सुविधाएं भारतीय प्राइवेट सेक्टर की मदद से स्थापित की जाएंगी। खबरों के मुताबिक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रूस की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 को लेने पर विचार की बात कही थी। हालांकि सरकार ने अब तक न एसयू-57 और न अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान को लेकर कोई निर्णय लिया है।

बता दें कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान एस-400 ट्रायम्फ सिस्टम ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी जबरदस्त क्षमता साबित की थी। पाकिस्तान ने 7 मई के हमले के बाद आदमपुर और भुज एयरबेस पर तैनात एस-400 को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया।

इसके बाद 10 मई तक पाकिस्तान को अपने सभी एयर एसेट्स को भारतीय सीमा से 300 किमी दूर ले जाना पड़ा और मुश्किल से ही कोई विमान उड़ान भर सका। एस-400 की लंबी दूरी की मिसाइलों ने पाकिस्तान के एक विमान को पंजाब में 314 किमी की दूरी पर मार गिराया था और उत्तर में एफ-16 व जेएफ-17 लड़ाकू विमानों को भी ढेर किया था। भारत ने रूस के साथ 2018 में ही पांच एस-400 सिस्टम के लिए 5.43 अरब डॉलर की डील की थी। इसके तहत अगले साल के अंत तक दो एस-400 की सप्लाई होनी है। इसके साथ ही अब पांच और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर बातचीत चल रही है। रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी इसके लेकर इस हफ्ते रूसी अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात में इस रूसी रक्षा कवच को मिलकर बनाने पर चर्चा किया जाएगा। माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली वार्षिक शिखर वार्ता से पहले इस सौदे को हरी झंडी मिल सकती है। उधर खबर है कि भारत रूस से 200 किमी से अधिक रेंज वाली एयर-टू-एयर मिसाइल आरवीवी-बीडी (आर-37) भी हासिल करना चाहता है, जिससे एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ाई जा सके।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902